इन्दिरा-कला-संगीत-विश्वविद्यालय ग्रंथमाला : क्र.-३

श्रीनान्य-भूपाल-प्रणीतम्

भरतभाष्यम्

द्वितीयः खण्डः

(अध्यायौ ६ – ७)

चैतन्य पुण्डरीक देसाई इत्येतैः
संशोधितं संपादितम्
हिन्दी-भाषा-टीकया च समलङ्कृतम्

भाषा-परिष्कारकः
रमाशंकर मिश्रः

प्रथमं संस्करणम्

इन्दिरा - कला - संगीत - विश्वविद्यालय
खैरागढ (म. प्र.)
भारत
१९७६

नान्यभूपाल-प्रणीतम्

भरतभाष्यम्

द्वितीयः खण्डः

Indirā-Kalā-Sangīt-Vishwavidyālaya Series : No.-3

BHARATABHĀṢYAṀ

of

NĀNYABHŪPĀLA

Part II

(Chapters 6 - 7)

EDITED BY

CHAITANYA P. DESAI

Bhāṣā-Pariṣkāraka : RAMASHANKAR MISHRA

FIRST EDITION

Indira Kala Sangit Vishwavidyalaya

KHAIRAGARH (M. P.)

INDIA

1976

Published by:

Shri G. C. Jain
Vice-Chancellor

Rs 150/-

Printed by:

M. P. Banhatti
Narayan Mudranalaya
Dhantoli, Nagpur - 440 012
(M. S.)

इन्दिरा–कला–संगीत–विश्वविद्यालय ग्रंथमाला : क्र.–२

श्रीनान्य–भूपाल–प्रणीतम्

भरतभाष्यम्

द्वितीयः खण्डः

(अध्यायौ ६ – ७)

चैतन्य पुण्डरीक देसाई इत्येतैः
संशोधितं संपादितम्
हिन्दी–भाषा–टीकया च समलङ्कृतम्

भाषा–परिष्कारकः
रमाशंकर मिश्रः

प्रथमं संस्करणम्

इन्दिरा - कला - संगीत - विश्वविद्यालय
खैरागढ (म. प्र.)
भारत
१९७६

प्रकाशक :

श्री गुलाबचन्द जैन
उपकुलपति

मूल्य : रु. [illegible]

मुद्रक :

म. पां. बनहट्टी
नारायण मुद्रणालय
धनतोली, नागपूर - ४४० ०१२
(महाराष्ट्र)

भूमिका

शोध–कार्य किसी भी विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य होता है। सीमित साधनों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय ने शोध तथा प्रकाशन की दिशा में कुछ कार्य किया है। इसमें **भरतभाष्यम्** का प्रकाशन विशेष उल्लेखनीय है। भरतभाष्यम् भाग–१ कुछ वर्षों पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित किया गया था। उक्त प्रकाशन को भारत के प्रख्यात संगीत–शास्त्रियों ने संगीत–जगत् में एक उल्लेखनीय शोधकार्य के रूप में निरूपित किया तथा सभी ने यह आग्रह किया कि भरतभाष्यम् भाग–२ का भी प्रकाशन शीघ्र किया जावे। यद्यपि भाग–२ का कार्य काफी समय पूर्व ही सम्पन्न हो चुका था, परन्तु मुद्रण–कार्य में अनुमानित समय से काफी अधिक समय कई कारणों से लग गया।

भरतभाष्यम् प्राचीन ग्रन्थों में एक महत्वपूर्ण विस्तृत ग्रन्थ है, जो इसके पूर्व तक अप्रकाशित था। इस ग्रन्थ की पाण्डुलिपि खंडित तथा अत्यन्त ही भ्रष्ट है, परन्तु विश्वविद्यालय के शोध–अधिकारी श्री **चैतन्य देसाई**, जिन्होंने वर्षों तक संगीत–शास्त्र में अपने आपको प्रतिष्ठित किया है, उन्होंने इस कठिन कार्य को सम्पन्न किया। उनके इस कार्य में शोध–विभाग के श्री **रमाशंकर मिश्र**, संस्कृत–पंडित, ने संस्कृतकार्य में अत्यन्त ही महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि संगीत–शास्त्र के क्षेत्र में भरतभाष्यम् भाग–२ अपना अपेक्षित महत्व रखेगा। इसका प्रकाशन–व्यय संपूर्ण रूप से **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, दिल्ली**, के अनुदान से किया गया है।

भरतभाष्यम् भाग–३ का कार्य चल रहा है, जिसके शीघ्रातिशीघ्र प्रकाशन हेतु विश्वविद्यालय हर संभव प्रयास कर रहा है।

खैरागढ़
दिनांक १२ फरवरी, १९७६

गुलाबचन्द जैन
उपकुलपति

प्रस्तावना

अपने देश का शास्त्रीय संगीत चार क्षेत्रों में प्रचलित था :–(१) वैदिक संगीत, जिसका क्षेत्र यज्ञ और तत्सम्बन्धी उत्सव था (२) भक्ति संगीत, जिसका क्षेत्र मन्दिर था (३) नाट्य संगीत, जिसका क्षेत्र रंगमंच था (४) प्रासादीय संगीत, जिसका क्षेत्र राजप्रसाद था। इन सबको पहले गान्धर्व कहते थे, बाद में मार्ग संगीत कहने लगे। पहले तीन प्रकार का संगीत वृन्द संगीत था। चौथे प्रकार का संगीत प्रायः एकल था।

वैदिक संगीत का वर्णन शिक्षा ग्रन्थों और पुष्पसूत्र में मिलता है। मन्दिरों में जिस संगीत का विकास हुआ और जिसे लोग विष्णुपद अथवा हवेली संगीत कहने लगे, उसका कोई क्रमबद्ध ग्रन्थ नहीं मिलता। नाट्य संगीत का विशद वर्णन **भरत** के नाट्यशास्त्र में मिलता है। इसमें जाति का तो विस्तृत वर्णन है; किन्तु ध्रुवा, गीतक, इत्यादि का संक्षिप्त वर्णन मिलता है। ग्रामराग का तो उल्लेख मात्र है।

ग्रामराग, भाषा, विभाषा तथा देशीराग इत्यादि का क्षेत्र राजप्रासाद और भिन्न भिन्न उत्सव बने। **बृहद्देशी** में और बाद के जितने ग्रन्थ लिखे गये, उनमें विशेषकर उन्हीं रागों का वर्णन दिया गया है, जिन्हें हम एकल अथवा प्रासादीय संगीत कह सकते हैं।

नाट्यशास्त्र मुख्यतः नाटक का ग्रन्थ है। गीत और नृत्य हमारे नाटकों के अभिन्न अंग थे। इसलिए प्रसंगवश भरत ने उस गीत और नृत्य का वर्णन किया है, जो नाटक के लिए उपयोगी था और जिसे वह **गान्धर्व** कहते थे। तालों में उन्होंने केवल ४–५ ताल रखे थे, जो मार्ग ताल कहलाते थे। यह एक भ्रान्त धारणा है कि भरत के समय तक केवल जाति–गान और मार्ग ताल थे और भरत के बाद देशी राग और देशी ताल प्रारम्भ हुए। भरत के समय भी देशीराग और ताल विद्यमान थे, किन्तु उनकी गणना गान्धर्व में नहीं हुई थी। अतः भरत द्वारा वे उपेक्षित रहे। भरत के समय में कौन से देशी राग और ताल प्रचलित थे, इसकी जानकारी प्राप्त करने का हमारे पास कोई साधन नहीं है; क्योंकि नाट्यशास्त्र के अतिरिक्त उस काल का अन्य कोई ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है।

नाटचशास्त्र के बाद यदि कोई ऐसा ग्रन्थ मिलता है, जिसमें संगीत का विशेष रूप से विवेचन है, तो वह **मतंग** का बृहद्देशी है। मतंग ने अपने बृहद्देशी में कहा है :–

रागमार्गस्य यद्रूपं यन्नोक्तं भरतादिभिः।
निरूप्यते तदस्माभिर्लक्ष्यलक्षणसंयुतम्॥ (बृ० दे० पृ० ८१)

अर्थात् रागमार्ग के जिस रूप का निरूपण भरत इत्यादि मुनियों ने नहीं किया, उसका हम लक्ष्यलक्षण–सहित निरूपण कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि मतंग देशी रागों को राग–मार्ग के भीतर गिनते थे। **कल्लिनाथ** इत्यादि ने जो देशी रागों में कामाचारत्व का उल्लेख किया है, वह सर्वथा उपयुक्त नहीं है, क्योंकि सभी ग्रन्थों ने देशी रागों के विशेष स्वर–विस्तार बतलाये हैं और इनके वादी संवादी स्वरों का भी निर्देश किया है। देशीराग केवल लोकगीत (folk music) नहीं थे। वे नियमबद्ध होकर विशेष विशेष देशों (देशभागों) में प्रचलित हो चुके थे। कामाचारत्व का केवल इतना ही तात्पर्य है कि वे भरत के ग्राम–मूर्च्छना के कठघरें में नहीं आते थे। आज भी मियां की तोड़ी, पूर्वी, मारवा इत्यादि ऐसे राग हैं, जो भरत की किसी भी मूर्च्छना के अन्तर्गत नहीं आते। जातिगान के मुख्य लक्षण देशी रागों में भी विद्यमान थे, किन्तु धीरे धीरे जातिगान का ह्रास होने लगा और ग्रामराग, भाषा, विभाषा का उत्कर्ष हुआ। देशीराग इन्हीं से प्रभावित थे। शाङ्‌र्गदेव ने तो यहाँ तक कहा है "प्रसिद्धा ग्रामरागाद्याः केचिद्देशीत्यपीरिताः" (**सं० र०** अ० २, श्लो० ३) अर्थात् कुछ प्रसिद्ध ग्रामराग **देशी भी** कहलाते हैं। अतः यह स्पष्ट है कि सारा भारतीय संगीत भरत के जाति–गान के भीतर ही समाविष्ट नहीं है। भरत के समय में भी ग्रामराग के साथ ही साथ देशी राग भी विद्यमन थे। वे मतंग के काल में एकाएक आकाश से नहीं टपक पड़े। जाति–गान केवल मतंग के काल तक (ई० शताब्दी ८०० या ९००) कुछ कुछ प्रचार में रहा। उसके अनन्तर ग्राम–राग, भाषा-विभाषा, देशी राग का ही प्राबल्य होता गया और जाति–गान लुप्त हो गया। धीरे धीरे रागालप्ति और रूपकालप्ति का विकास हुआ और तेरहवीं शती तक ये आलप्तियाँ अपनी उत्कृष्ट अवस्था को पहुँच गईं। इनका महत्त्वपूर्ण प्रभाव आज तक सारे भारतीय संगीत पर छाया हुआ है।

मतंग के बृहद्देशी के बाद सब से महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ नान्यदेव का **भरत-भाष्य** है। नान्यदेव १०९७ से ११३३ ई० तक मिथिला के राजा थे। वह वस्तुतः कर्णाट के राष्ट्रकूट वंश के थे और वहीं से उत्तर की ओर आये थे। उनके बड़े भाई कीर्तिराज का शासन वाराणसी पर था। नान्यदेव अपने समय के देशी रागों और तालों के उत्कृष्ट ज्ञाता थे ही, वे भारत के प्राचीन संगीत से भी भली भांति परिचित थे। अतः उन्होंने संगीत पर एक बृहद् ग्रन्थ ७००० श्लोकों का १७ अध्यायों में लिखा, जिसका नाम उन्होंने 'सरस्वती–हृदयलंकार' दिया है। किसी किसी अध्याय के अंत

में 'सरस्वतीहृदयभूषण' भी मिलता है और एक-दो अध्यायों में 'भरत-भाष्य' नाम भी मिलता है। हमारे देश का सौभाग्य यह है कि संगीत पर पर्याप्त संख्या में प्राचीन ग्रन्थ मिलते हैं और दुर्भाग्य यह है कि उनकी प्रतियाँ ऐसे व्यवसायी लिपिकों के द्वारा तैयार की गई हैं, जिन्हें न संस्कृतभाषा का अच्छा ज्ञान था, न विषय का। परिणाम यह हुआ है कि अधिक ग्रन्थों की हस्तलिखित प्रतियाँ बहुत ही अशुद्ध और खण्डित हैं।

नान्यदेव का ग्रन्थ प्राय: भरतभाष्य कहा जाता है, किन्तु वास्तव में वह केवल भरत के नाट्यशास्त्र का भाष्य नहीं है। वह भारत के समस्त शास्त्रीय संगीत का सर्वेक्षण है। यह बहुत ही महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ है। मतंग का वाद्याध्याय उपलब्ध नहीं है। किन्तु उसका उद्धरण भरत-भाष्य में प्रचुर मात्रा में मिलता है। संगीतरत्नाकर में ध्रुवागीत, गीतक, गाथा इत्यादि का बहुत ही संक्षिप्त वर्णन है। भरत-भाष्य में इनका पर्याप्त वर्णन उपलब्ध है। प्राचीन वीणा, वेणु, पुष्कर इत्यादि का भी विवेचन **संगीतरत्नाकर** में बहुत संक्षिप्त है। भरत-भाष्य में इनका विस्तृत विवेचन मिलता है।

यह बड़े हर्ष का विषय है कि इस ग्रन्थ के मुद्रण और प्रकाशन का कार्य **इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय,** खैरागढ़ (म. प्र.) ने अपने हाथ में लिया। मूल हस्तलिखित प्रति के दो अध्याय छन्दोऽध्याय तथा भाषाध्याय विलुप्त हैं। और अध्यायों में कई स्थलों में वर्णनीय विषयों का संमिश्रण हो गया है। इसका प्रथम खण्ड प्रख्यात विद्वान् श्री **चैतन्य पुण्डरीक देसाई** द्वारा सम्पादित हुआ और वह १९६१ ई० में प्रकाशित हुआ। धनाभाव के कारण इसके अन्य खण्ड अभी तक प्रकाशित न हो सके थे। १५ वर्ष के बाद अब इसका दूसरा खण्ड प्रकाशित हो रहा है।

प्रथम खण्ड में कुल पाँच अध्याय छप सके थे। इसके द्वितीय खण्ड में केवल दो ही अध्याय– जात्यध्याय और रागाध्याय प्रकाशित हो सके हैं। जात्यध्याय का इतना विस्तृत विवेचन अन्य किसी ग्रन्थ में मिलना कठिन है। पहले जाति का स्वरसन्निवेश दिया गयाहै। पुन: स्वरलिपि के साथ पद दिया गया है, फिर स्वरों के द्वारा अपन्यास, विन्यास, संन्यास इत्यादि खण्डों का विवेचन किया गया है। छठें अध्याय के एकादश प्रकरण में कपाल-पाणिका का विस्तृत वर्णन है।

सातवां रागाध्याय है। इसमें तीन प्रकरण हैं। प्रथम प्रकरण में शुद्धा, भिन्ना इत्यादि गीतियों का उल्लेख है, फिर राग के गान के काल का उल्लेख है। दूसरे प्रकरण में रागभाषादिभेद का वर्णन है। तीसरे प्रकरण में ग्रामराग, भाषा इत्यादि रागों का विवेचन है। इसमें प्रत्येक राग के स्वरों के द्वारा आलापक और रूपक दिये गये हैं।

संगीत एक क्रियात्मक विद्या है। इसका पूर्ण विवेचन शब्दों के द्वारा असम्भव है। प्राचीन संगीत लुप्त हो चुका है। उसका स्वरों के द्वारा जो ग्रन्थों में संकेत मिलता है, वह अत्यल्प है। जब वह संगीत जीवित था, तब अल्प संकेत से भी काम चल सकता था। किन्तु अब तो उससे अधिक संकेत की आवश्यकता है। दूसरी कठिनाई है शुद्ध पाठ की। श्लोकों की साधारण अशुद्धि की व्याकरण और अर्थ की दृष्टि से तो कुछ शुद्धि हो सकती है, किन्तु लिपिक ने यदि प्रमाद, भ्रम और विषय के अज्ञानवश स्वरों के पाठ में अशुद्धि की है, तो उसको शुद्ध करना अत्यन्त दुष्कर है। स्वर के नीचे या ऊपर एक बिन्दु की अशुद्धि से राग का रूप नष्ट हो सकता है।

प्राचीन ग्रन्थों को समझने के लिए संस्कृत भाषा का और संगीत विद्या का क्रियात्मक ज्ञान, दोनों नितान्त आवश्यक हैं। इस प्रकार के संगीतज्ञ देश भर में ६–७ से अधिक कदाचित् ही मिलेंगे। यदि प्रशासकीय स्तर पर उचित साधनों के सहित वे एक या दो वर्ष के लिए किसी विशेष स्थान पर एकत्र किये जायँ और पारस्परिक विचार–विमर्श द्वारा प्राचीन ग्रन्थों का अनुशीलन करके किसी निष्कर्ष पर पहुँचे, तो सम्भव है कि प्राचीन संगीत की एक साधारण–सी रूपरेखा बन सके।

नान्यदेव ने भरतभाष्य के पाठ के विषय में श्री मानवल्लि **रामकृष्ण कवि** ने लिखा है :–

" The manuscript is so erroneous that any attempt at Correction must result in producing a new book. "

अर्थात् इसकी हस्तलिखित प्रति इतनी अशुद्ध है कि इसको शुद्ध करने के प्रयत्न में एक नई पुस्तक बन जायगी। श्री रामकृष्ण कवि की इस उक्ति से सरलतापूर्वक जाना जा सकता है कि इसके सम्पादन में श्री **चैतन्य पुण्डरीक देसाई** को कितना श्रम करना पड़ा होगा।

श्री देसाई संस्कृत के विद्वान् हैं, संगीतशास्त्र के मर्मज्ञ हैं और संगीत विद्या के क्रियात्मक पक्ष में भी पूर्णतया निष्णात हैं। तभी वह इतनी अशुद्ध प्रतिलिपि का सफलतापूर्वक सम्पादन करने में समर्थ हुए हैं। इसके पहले खण्ड में उन्होंने बहुत ही विस्तृत टिप्पणियाँ लिखी हैं। इसके दूसरे खण्ड में स्थानाभाव के कारण विस्तृत टिप्पणियाँ लिखना सम्भव नहीं था। फिर भी उन्होंने जितनी टिप्पणियाँ लिखी हैं, वे बहुत सारगर्भित और उद्बोधक हैं।

प्रस्तुत पुस्तक में संस्कृत–शब्दों के शोधन में **आचार्य रमाशंकर मिश्र** ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुझे पूर्ण आशा है कि इस ग्रन्थ को विद्वत्समाज में यथेष्ट समादर मिलेगा। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को इसके अवशिष्ट अध्यायों को शीघ्र प्रकाशित कराना चाहिए।

जयदेवसिंह

संपादकीय

भरतभाष्य के द्वितीय खण्ड की प्रतीक्षा करने वाले पाठकों के हाथ में यह ग्रन्थ अर्पित करते हुए मुझे हर्ष होना स्वाभाविक है। प्रत्येक महत्त्वपूर्ण शोध–कार्य की तरह यह कार्य भी श्रम–साध्य था। ग्रन्थ की पाण्डुलिपि अत्यन्त भ्रष्ट है। प्रति ने काल के थपेड़ों के निर्मम प्रहार झेले हैं। ज्ञान की यह भागीरथी बीच बीच में सरस्वती की तरह लुप्त हो जाती है। ऐसे स्थलों को अपपठित एवं खण्डित शब्दों एवं वाक्यों का पूर्वापर संबंध स्थापित करके तथा प्राचीन ग्रन्थों में उनके आधारों को खोजकर शुद्ध किया गया है। कभी लुप्त शब्दों की पूर्ति भी करनी पड़ी है। यह कार्य अत्यन्त सजगता से किया गया है। ऐसा न करने पर कुछ वाक्यों या श्लोकों का कुछ भी अर्थ निकालना असंभव था, तथापि ग्रन्थ के कुछ श्लोकों के भ्रष्ट पाठ को शुद्ध नहीं किया जा सका है, क्योंकि वे नितांत अबोधगम्य थे।

इस खण्ड में सम्पूर्ण **जात्यध्याय** तथा **रागाध्याय** का लगभग आधे से अधिक अंश का समावेश किया गया है। ऐसा करना हमारी विवशता थी। **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग** (नई दिल्ली) द्वारा निर्धारित अनुदान–राशि के अनुसार इस खण्ड के पृष्ठों की सीमा ३५० तक ही रखी गई है। परिणामस्वरूप, इस खण्ड में सम्पूर्ण रागाध्याय का समावेश नहीं हो सका। इस अवशिष्ट अंश तथा तालाध्याय का संपादन–कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसे तृतीय खण्ड में सम्मिलित किया जा सकेगा। तृतीय खण्ड में तालाध्याय के अतिरिक्त सप्त–गीतकाध्याय, ध्रुवाध्याय आदि प्रकाशित हो सकेंगे। अधिकांश अवशिष्ट अध्याय दीर्घकाय हैं। अतः ग्रन्थ के चौथे खण्ड का प्रकाशन भी आवश्यक हो सकता है।

ग्रन्थ के संपादन में अनुसंधान–परक दृष्टि आद्यन्त रखी गई है। तदनुसार स्थान–स्थान पर आवश्यकतानुसार ग्रन्थ में टिप्पणियाँ दी गई हैं। जातियों की रचना के सिद्धान्तों एवं जाति–प्रकारों के निर्माण के नियम श्रमपूर्वक खोजकर स्पष्ट किये गये हैं। विषयानुसार रागों के विषय में ऐतिहासिक एवं तुलनात्मक टिप्पणियाँ प्रस्तुत की गई हैं तथा पाठ–भेद एवं रूप–भेद की चर्चा भी की गई है। आशा है कि इससे ग्रन्थ की उपयुक्तता बढ़ेगी। इस प्रकार की किसी प्राचीन पाण्डुलिपि का शुद्धीकरण

एवं संपादन कर उसे प्रकाशित करने में सामान्य प्रकाशन से कुछ गुना अधिक समय लगता है। यदि साधनों का अभाव हो, तो समस्या और भी जटिल हो जाती है। इन सभी समस्याओं से तो हमें जूझना ही था, किन्तु उनके अतिरिक्त कुछ अन्य व्यवधानों के कारण भी इस खण्ड के प्रकाशन में विलम्ब हुआ।

इस ग्रन्थ के प्रकाशन में विश्वविद्यालय के अनुसंधान विभाग के संस्कृत–मर्मज्ञ **आचार्य श्री रमाशंकर मिश्र** अत्यन्त सहयोगी रहे। उन्होंने ग्रन्थ के भ्रष्ट तथा खण्डित शब्दों और वाक्यों को संस्कृत भाषा की दृष्टि से शुद्ध तथा पूर्ण करने का जटिल कार्य परिश्रम तथा लगन से सिद्ध किया।

इस ग्रन्थ के अन्तर्गत शोधित एवं पूरित शब्दों के विषय में विद्वानों में मतभेद हो सकता है। किन्तु यह दुरूह कार्य हमने यथामति किया है। वस्तुतः किसी भी लुप्त ग्रन्थ का संपादन, कार्य का अंत नहीं, बल्कि प्रारम्भ होता है। खैरागढ़ विश्वविद्यालय द्वारा प्राचीन ग्रन्थों के प्रकाशन की योजना **स्व० डा० श्रीकृष्ण रातांजनकर** जी ने बनाई थी। इस अवसर पर उनकी याद आना स्वाभाविक है। द्वितीय खण्ड के प्रस्तुत प्रकाशन को देखने के लिए वे अब नहीं रहे। उनके प्रति मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

डा० रातांजनकर की इस योजना को उनके पश्चात् आनेवाले उपकुलपतियों ने भी आगे बढ़ाया। वर्तमान उपकुलपति **श्री गुलाबचंद जैन** ने भी इस कार्य को प्रोत्साहन दिया। अतः मैं उनका आभारी हूँ।

'नारायण मुद्रणालय' (नागपुर) के व्यवस्थापक **श्री बनहट्टीजी** ने इस ग्रन्थ का स्वच्छ एवं सुन्दर मुद्रण किया है, जिसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

इतने अथक प्रयत्नों के उपरान्त ग्रन्थ में कई त्रुटियाँ रह गई हैं, जिनके लिए मैं गुणग्राही विद्वज्जनों का क्षमाप्रार्थी हूँ।

विनयावनत;

चैतन्य देसाई

BHARATABHASHYA OF NANYADEVA

There are still many a Sanskrit work of old on music, unpublished, that are lying in various Government Libraries in manuscript form and *Bharata–Bhāshya* ranks topmost among them, as it is a big work, dealing with all the topics of music (except dance), especially such as had been given by *Bharata Muni* in his *Nātya–Shāstra*. *Matanga's Bṛhaddeshi* is also more or less an exposition of *Bharata's* system but it refers only to such topics as *Śruti, Grāma, Moorchanā, Sādhāraṇa, Tāna, Jāti, Grāma–rāga Deshi-rāga* and *Deshi-Prabandha*. *Matanga's* treatment is brief, as he has not dealt with such important features of *Bharata's* system as *Dhruvā*; *Sapta-geeta*, *Tāla*, etc. while the chapter dealing with ancient musical instruments from *Bṛhaddeshi* is lost. *Sangeet Ratnākar* gives wide information about ancient Indian music, but his treatment is condensed and he had to drop many items of ancient musical system, as his main object was to cover the contemporary musical systems as well as the system that was in vogue in the near past. So, he leaves aside the *Dhruvās*, the chief topic of *Bharata's* system and avoids purposely to describe the various ancient instruments, that had become obsolete in his own times, as he himself has said :—

> " प्रोक्तं मृदङ्गशब्देन मुनिना पुष्करत्रयम् ।
> अत्यन्ताव्यवहार्यत्वात् निःशङ्को न तनोति तत् ।। "
>
> (६।१०२८)

In short, as *Bharata–Bhāshya* gives all the possible details of *Bharata's* musical system, its great importance to the student of ancient Indian music cannot be over–rated.

Description of the Script

The Manuscript of *Bharata-Bhāshya* is kept in the Bhandarkar Oriental Research Institute, Poona. It is the only script of *Bharata–Bhāshya* available, as the other script at Kathiawar is said to be lost. It covers 221 pages ($11\frac{1}{2}'' \times 4\frac{7}{8}''$) written in clear and legible hand. It is worn out in appearance and some of its leaves are partly torn, water–spilt, moth–eaten and even missing ! The

present script contains only 15 chapters out of the 17 chapters containing approximately 7,000 Ślokas; and if we grant not more than 3,000 *ślokas* for the two chapters which are missing on prose and prosody, we get a round number of 10,000 *ślokas* of the complete work, which shows it to be larger than *Nāṭya–Shāstra*, which has nearly 6,000 *ś'okas* and also *Ratnākara* which contains not more than 5,000 *ślokas.*

The text of the script in many places is incorrect and broken. Some sheets are missing here and there and copied matter from the original may also perhaps be defective and imperfect. The copyist also could not read the original properly, says Shri **Kavi.** In fact, as the matter on the pages show, some sheets of the original from which the present script was copied were got mixed up and that is why we find the matter of some chapters in other chapters also in the present manuscript, as it is.

Identity of the Author

The learned Dr. **P. K. Gode**, the Curator of the Poona Institute, who is also the Editor of the Manuscript Catalogue Vol XII, has with much labour given some information about the nature and contents of *Bharata–Bhāshya* and has also cited some portion from the articles on *Bharata-Bhāshya* written by Shri Kavi, the famous editor of Baroda *Nāṭya-Shāstra* edition. Shri M. R. Kavi identifies this *Nānyadeva* with the *Nānyadeva* of Mithilā (1097 to 1133 A. D.) and states that "*Nānyadeva* was probably the ancestor of the present royal family of Nepal and a scion of the *Rāshtrakūta* family." (vide– Journal, Andhra H. R. Society Vol. I and Vol. III). From what *Nānyadeva* says about himself in *Bharata-Bhāshya* it is beyond doubt that he was a king of Mithilā :—

(i) 'तेनाऽयं मिथिलेश्वरेण रचितोऽध्यायोऽवनद्धाभिधः ।'
(Folio 291)

(ii) 'इति महासामन्ताधिपति–धर्मावलोक–श्रीमन्नान्यपति–विरचिते ।'
(Folio 221)

(iii) 'कथितं शास्त्रसुगमितं मिथिलानाथेन नान्यदेवेन ।'
(Folio 197)

(iv) 'नान्येन भूमी–भुजा' (Folio 17)

At one or two places he gives his name as *Nārāyaṇa* [क्ष्मापाल–नारायणः' (Fol. 17) etc.] and so *Nānya* may be a short or colloquial form of *Nārāyaṇa.*

It seems, *Nānyadeva* had compiled another work *'Granth-mahārṇava'*, by name.

Real Title 'Sarasvatihṛdayālaṁkāra'

Though *Nānya's* present work is commonly known as *Bharata-Bhāshya* or *Bharata-Vārtika*, its real name as has been given by its author himself is *'Saraswatī-hṛdayālaṁkāra'* which almost all colophones indicate :—

(i) 'सरस्वतीहृदयभूषणे भरतभाष्ये प्रथमोऽध्याय: ।' (Folio 5)
(ii) 'सरस्वतीहृदयभूषणे भरतभाष्ये द्वितीय: ।' (Folio 8)
(iii) 'सरस्वतीहृदयालङ्कारहारनाम्नि भरतभाष्ये श्रुत्यध्यायस्तृतीय: ।' (Folio 12)
(iv) 'सरस्वतीहृदयालङ्कारे तानाध्याय: ।' (Folio 17)
(v) 'इति नान्यदेवविरचिते भरतभाष्ये जातिकाध्याय: ।' (Folio 63)
(vi) 'सरस्वतीहृदयालङ्कारहारनाम्नि भरतभाष्ये सप्तम: ।' (Folio 116)
(vii) 'सरस्वतीहृदयालङ्कारहारनाम्नि भरतवार्तिके... ।' (Folio 221)

From the above colophones, it will be seen that the author also uses the name *Bharata-Bhāshya* or *Bharata-Vārtika* with *'Sarasvatī-hṛdayālaṁkāra'* nearly every time. Shri Kavi concludes, "The work is called *Bharata-Bhāshya* or *Bharata-Vārtika*......... no work is yet specifically known as *Bharata-Bhāshya*. *Nānyadeva* designates his work *'Saraswatī-hṛdayālaṁkāra* and the appellation instantly reminds one of *'Sarasvatī-kanṭhābharaṇa'* of *Bhojadeva*." (vide-Poona Mannscript Catalogue XII, P. 382).

Nature of Bharata-Bhashya

As said above the aim of *Bharata-Bhāshya* is to elucidate the system of music, as given by sage *Bharata* in his *Nāṭya-Shāstra*. *Bharata* has treated music as applied to the theatre in his times and *Nānyadeva* has expanded that strain of music, i. e. chiefly *Jātis* and *Dhruvās* and the kind of instrumental music which was mainly played at dramatical Performances.

Rāga music is mainly hall-music, though it had been in vogue at the times of *Bharata*, as I have shown elsewhere. For the sake of brevity, *Bharata* has not described *rāgas* though he has mentioned seven *grāmarāgas* and their application to drama on particular occasions (*Nāṭya-Śāstra* 32/453). *Kaśyapa*, who was probably a contemporary of *Bharata* and the immediate successor *Kohala*, as well as *Matanga*, who flourished after some 500 years, had treated

the subject of *rāgas* at length. *Nānyadeva* has followed *Kaśyapa* and *Matanga* in describing *rāgas,* which means that though *Nānyadeva* might have added some new matter to ancient *rāga* systems, he had nothing to add to other topics of ancient music. Shri Kavi has well said, "*Bharata–Bhāshya* is a versified commentary of *Bharata's Nāṭya–Shāstra* from chapters XXVIII to XXXIV, which deal with music in all its aspects related to the theatre. *Nānyadeva* closely follows *Abhinavagupta* who died about 1030 A. D. *Nānyadeva* has introduced much new matter in his treatment of *Jātis* and *Rāgas* which in not found in *Bharata's* or *Abhinava's* works." (vide–Poona MSS Cat. XII, P. 383). Dr. Gode has also described *Bharata–Bhāshya* well in brief:–" The work treats of music proper. Every step in the advancement of music has been closely traced to the rites of the vedic epoch and every instrument brought face to face with, that used in the sacrificial rites. The work gives full information on every subject except on flute. Some chapters treat of *Sapta–geetas, Deśī–geetae* and the ancient *Tāla* system, now obsolete. The work gives details about 140 *rāgas* and quotes from *Dattila, Kaśyapa* and *Mataṅga* " (P. 379). Dr. Gode's statement above about the subject of flute, is incorrect, as chapter XIII of *Bharata–Bhāshya,* i. e. folios 195–201 of the manuscript, treats the subject of flute and other instruments under the name 'Suṣirādhyāya', the name of which Dr. Gode himself has mentioned in his list of chapters and also given in the list by Shri Kavi, which he has cited. *Ratnākar,* who followed *Nānyadeva* nearly 300 years after, has quoted *Nānyadeva* as a reference and after comparing both the works one can form an opinion that *Ratnākar* is obliged for much of his information about ancient music to *Nānyadeva.*

Bharata has divided subjects of *Nāṭya* (or *Abhinaya*) in four categories, viz., *Vācika, Āṅgika, Sātvika* and *Āhārya,* out of which *Nānyadeva* has dealt with the first and so calls his work as 'Vācikāṁśa':—

(i) 'एतत्सर्वं तु विज्ञेयं वाचिकांशस्य संग्रहे ।'

(Ch. I, F. 3)

(ii) 'इति...भरतवार्तिके वाचिकांशे पुष्कराध्याय: ... ।'

(Ch. XV, F. 221)

As *Vācikāṁśa* contains music as well as dialogues, *Nānyadeva* devoted the last two chapters to discuss and describe various languages, Sanskrit and various Prakrits, as well as Prosody in relation to stage. To our dismay, these two chapters are lost !

I give below a list of some topics which are treated specially in *Bharata-Bhāshya* :—

(I) *Varṇotpatti* (Folio 6), *Udāttādi Swara* (Folio 7), *Kruṣṭādi Sāmavaidika Swara* (Folio 7), *Swara-Sāraṇā* and *Aṅguli-chālanā* (Folio 8).

(II) *Gāyatryādi Chandah Svara* (F. 9); *Grāmabheda Nirūpaṇa*, *Śruti-rekhā-Koṣṭaka* (F. 10), *Grāmaviśiṣṭa Swara Sanniveśa* (F. 20); 95 variations of *Shādji Jāti* on *Grohādi-vikriti* basis (F. 24 to 35); Numerous instances of *Kapāla* and *Pāṇikā* songs with notation (F. 46-63); *Rāga-Devatā and Rāga-Samaya* (F. 76); *Saptadhā Gamak* (F. 75); meaning of *Bhāṣā*, *Vibhāṣā*, etc., i. e. *Rāgas* (F. 77); *Gāndhāra-Grāmik-Rāgas* and *Bhāṣās* (F. 79); *Sapta-Geeta* i. e. *Āsārita*, *Vardhamānaka*, *Ullopya*, *Ṛk*, *Sāma*, *Gāthā*, etc. with numerous instances of songs (Ch. XIII, F. 116-140); various *Dhruvā-chanda* and the application of *Tālas* to *Dhruvā-Varṇas* (Ch. IX, F. 140-176); *Tālas* and their application to various *Prabanbhas* (Ch X, F. 176-181); *Deshi-Geetas*, their instances in song and the application of *Tālas* to them (Ch. XI, F. 167-176); Various string instruments, viz., *Koormā*, *Kinnari*, *Pinākí*, *Sāravī* etc. *Veenā-Nirmāṇa*; *Svara-vinyās* & *Sruti-vinyās* on *Veeṇā-daṇḍa*; *Veeṇā* with one, two, three strings with as many notes, upto one hundred strings *(Shata-tantri)*, all these instruments being used in *Yajnas*; *Citrā*, *Vipancī*, *Mahati Veeṇas*, *Nāgākhyabandha*, *Rāgākhyabandha* etc.; the method of playing *Veeṇās*, (Ch. XIII, F. 181-195); Two kinds of *Śankha* instrument (F. 195); measures for distance of note-holes on flute, for *Dwi-śrutik*, *Tri-śrutik* and *Catuh-śrutik* notes of each of the three *grāmas* (F. 196); *Udāttādi* on flute (F 197); Fingering (F. 198); *Muktārdhamuktādi* fingering for producing *Catuh-śrutik*, *Tri-Śrutik*, and *Dwi-Śrutik* notes in two *Grāma*s (vide-Bharat, F. 198); playing of *Ṣadjagrāmarāga* and *Madhyamagrāmarāga* on flute (F. 199); Description of drums as *Puṣkara*, *Mṛdaṅga*, *Āliṅgya*, *Ūrdhavaka*, *Trikulyā*, *Damaru*, *Paṭaha*, *Dundubhi*, *Paṇava*, *Dardura* and the mathod of playing them (Ch. XV, F. 201-207); *Varṇas (Bols)* to be played as formed by combination of certain *Vyañjanas* and *Svaras*, viz., 'Ta-tā-ti-te', 'Da-du-de-do' etc., and method for manipulation of hands and fingers on drums (F. 208-209); *Mārga*, *Graha-moksha*, *Prahāra* (F. 210-212); *Dardura-Paṇava-Mishrita Vādana*, *Pracāra*, *Ogha* (F. 213); *Yati*, *Pāṇi*, *Laya*, *Sancaya*, eighteen kinds of *Vādana-Jātis* and particular *Jātis (Gat Paran)* to be played to the accompaniment of a parti-

cular mood or movement of the personages in drama (F. 213-218); 20 kinds of *Sālaṅkāra-Vādana* (F. 218); Drum playing with dance and in drama (F. 219-221).

The above mentioned short list of the subjects specially dealt with in *Bharata-Bhāshya* will show its unique place in the studies in ancient Indian music, particularly belonging to the ages of *Bharatamuni*.

The arrangement of chapters

Dr. **P. K. Gode's,** as well as Shri **M. R. Kavi's** account of the chapters are not correct, nor complete. Dr. **Gode** says that chapters 8, 9 and 10 are not found in the MS. Shri **Kavi** concludes that chapters 15th and 16th are missing !

Nānyadeva has given the index of the chapters at the beginning. Again he has mentioned the subject-heads of the 3rd to the 10th chapters in the following anouncement :—

" श्रुत्यध्याये च तानाख्येऽलङ्काराध्याय एव च । " etc.

(Folio 190)

and again has referred about 8th to 11th chapters in the following ślokas :—

" .... रागोत्पत्ति निवेदिता ।
तेषु रागेषु गीतानि ब्रह्माद्युक्तानि यानि तु । " etc.

(Folio 190)

The first folio of the MS. is lost and some one has replaced it by a page containing some 25 ślokas from Puṇḍarīka's सद्राग-चन्द्रोदय beginning with the line :—

" बञ्हाकारैर्विरचित-वपु: " etc., which may baffle a novice !

In the index given by the author, there is mess about Tālādhyāya, and Suṣirādhyāya is mentioned twice.

The matter of the ch. 4th dealing with Mūrchanā and the 5th about Alaṅkāras have been mixed with the matter of 6th and 7th chapters and therefore we have to seek and collect it from these latter chapters. ch. on Tāla is also in dispersed condition.

There is also repetition of some matter of chs. on śruti, mūrchanā, alaṅkāra, jāti and rāga.

प्राचीन संगीत : एक दृष्टि

जातियों के रूपों की सिद्धि

१. ग्राम

१ : ग्राम की व्याख्या

भरत ने दो ग्रामों अर्थात् मूल स्वर-सप्तकों को कहा है। अन्यों ने तीसरे गान्धारग्राम को लुप्त कहा है। संवाद-बद्ध स्वर-सप्तक को ग्राम संज्ञा देते थे :-

(a) "यथा कुटुम्बिनः" इ०। (**बृ० दे०**, पृ. २०, श्लो० ९०)

(b) "न अव्यवस्थिततया उच्चारितः स्वर-समूहः।" (**सं० र०** I, पृ० १०१, **सिं०**) इत्यादि। परन्तु ग्रामों के स्वर-संवादों को तथा स्वर-स्थानों को समझना सरल नहीं है।

२ : प्राचीन स्वर-संवाद तथा द्विश्रुतिक स्वर

भरतादिकों ने प्रत्येक स्वरान्तर (interval) या स्वरों का ध्वनि-मूल्य 'श्रुति' नामक सूक्ष्म २२ स्वरान्तरों द्वारा प्रदर्शित किया है तथा जब एक स्वर किसी दूसरे स्वर से ९ वीं अथवा १३ वीं श्रुति पर स्थित हो, तब उन दोनों को परस्पर संवादी माने हैं। जैसे की स-म, स-प, ग-नि, रि-ध अथवा इसके उल्टे। परन्तु दो स्वर सम-श्रुतिक हों तभी उनका परस्पर संवाद माना जाता है, ऐसा विशेष नियम इस विषय में **मतङ्ग** तथा **अभिनवगुप्त** ने दिया है (**बृ० दे०**, पृ० १४, **ना० शा०** IV, पृ० १७,१८)। मध्यम से निषाद ९ वीं श्रुति पर होते हुए भी उन दोनों का संवाद नहीं है तथा मध्यम ग्रामिक ऋषभ-धैवत का संवाद नहीं होता है, ऐसा **अभिनवगुप्त** ने कहा है एवं इस विषय में उसने जातियों के वर्जावर्ज स्वरों के उदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं (IV; पृ० १७)। पश्चात्कालीन **कल्लिनाथ** तथा **सिंहभूपाल** ने मध्यम-निषादों को परस्पर संवादी कहा है। **भरत** द्वारा दी गयी संवादी स्वरों की सूची में भी मध्यम-निषादों का अन्तर्भाव नहीं किया गया है (IV, पृ० १५)। प्राचीन शुद्ध निषाद को

९ श्रुति के आधार पर मध्यम का संवादी मानने पर प्राचीन शुद्ध गान्धार–निषाद मध्यमभावी कोमल गान्धार–निषाद के रूप में प्राप्त होते हैं एवं आधुनिक विद्वानों ने इन्हींको स्वीकार किया है।

प्राचीन चतुःश्रुतिक अन्तर, जो मध्यम तथा पञ्चम के मध्य में रहा हुआ है, एक पूर्ण स्वरान्तर (major tone) है। कतिपय विद्वान् आधुनिक विज्ञान का आश्रय लेकर त्रिश्रुतिक स्वरान्तर को $\frac{१०}{९}$ तथा द्विश्रुतिक को $\frac{१६}{१५}$ मानते हैं। इन स्वरान्तरों को प्राचीन ग्रंथों के आधार से सिद्ध करना अशक्य ही है, क्योंकि **भरत–मतङ्गादि** प्राचीन ग्रंथकारों ने अपने स्वर–स्थान तार की लंबाई के विभाग इत्यादि उपकरणों द्वारा नहीं बताये हैं।

३ : त्रिश्रुतिक स्वर

अभिनवगुप्त ने त्रिश्रुतिक स्वरों को वैदिक 'कम्पित स्वरित' स्वर कहा है। कम्पन के कारण ये स्वर चतुःश्रुतिक तथा द्विश्रुतिक अन्तरों के मध्य में हिलते रहते हैं (IV, पृ० १४)। **भरत** ने भी वंश के ऊपर त्रिश्रुतिक स्वर को कम्पित अंगुलि से निकालने की रीति बतलायी है (३०।५)। इन कथनों को ध्यान में लेते हुए त्रिश्रुतिक स्वरों को minor tone ($\frac{१०}{९}$ अनुपात वाले) मानने में बाधा आती है।

४ : षड्जग्राम = खमाज ठाठ

भरत ने दोनों ग्रामों का आधार–स्वर मध्यम को माना है, अतः मध्यम को अविनाशी कहा है (२८।६५)। **भरत** ने षड्जग्राम तथा उसमें षड्ज को प्रथम स्थान दिया है। **मतंग, अभिनवगुप्त** तथा **नान्यदेव** ने षड्जग्राम को 'षड्ज–प्रधान' कहा है (**बृ० दे०** पृ० २१, **ना० शा०** IV, पृष्ठ १४; **भ० भा०** I, पृ० ७२) परन्तु भरतोक्त संगीत–पद्धति में ऐसी व्यवस्था को मानने के लिए पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध नहीं है। उपरान्त, भरत–पश्चात्–वर्ती सभी प्राचीन ग्रन्थकारों ने दोनों–तीनों ग्रामों में मध्यम को ही अविनाशी कहा है।

षड्जग्राम में मध्यम को आधार–स्वर (tonic) मानने पर षड्जग्राम का स्वर–सप्तक प्रचलित **खमाज ठाठ** के सदृश उत्पन्न होता है :–

(a) षड्जग्राम :–सा३ रि२ ग४ म४ प३ ध२ नि४ सां

(b) मध्यमाधारित षड्जग्राम } (म ४ प ३ ध २ नि ४ सा ३ रि २ ग ४ म =)
सा ४ रि ३ ग २ म ४ प ३ ध २ नि ४ सां

५ : षड्जग्राम Plagal mode

ग्रीक संगीत के स्वर–सप्तक में भी मध्यम स्वर (mese) अविनाशी था। प्राचीन काल में ऐसे स्वर–सप्तकों– जिनमें तृतीय या चतुर्थ स्वर प्रबल (dominant)

होता था– का प्रचलन था। मध्यम tonic हो और उससे निम्नस्थ चौथा स्वर षड्ज प्रबल हो, तो ऐसे स्वर–सप्तक को Plagal mode कहते थे। इस प्रकार के स्वर–सप्तक आज भी Ecclesiastical Music में अर्थात् क्रिश्चन प्रार्थना–संगीत में प्रयुक्त होते हैं।

६ : षड्जग्राम = "उतरी काफी"?

हमारे आधुनिक विद्वान् षड्जग्राम में षड्ज को आधार–स्वर (tonic) मानते हैं तथा उसमें मध्यम–भाव–जन्य स्वरों का स्वीकार करते हैं। मध्यम–भावी रि–ग–ध–नि स्वर वैज्ञानिक स्वरों से थोड़े उतरे होते हैं। अतः इस सप्तक को 'उतरी काफी' नाम आधुनिक विद्वानों ने दिया है। परन्तु षड्जाधारित षड्जग्राम में मध्यम–भावी स्वरों का अस्तित्व होना असंभव तथा अव्यवहार्य भी है।

७ : 'देशी' संगीत में षड्जग्राम

मतङ्ग के समय में ही प्राचीन अर्थात् साम–गानाधारित जाति–ग्राम–रूप **गान्धर्व संगीत** में बहुत परिवर्तन होकर **देशी संगीत** उत्पन्न हुआ। इस परिवर्तन का ब्योरा **अभिनवगुप्त** ने दिया है (IV, पृ० ३९४)। परिवर्तन की कुछ चर्चा **कल्लिनाथ** ने भी की है (II, पृ० ९८)

८ : षड्जग्राम प्रचलित काफी ठाठ

प्रचलित काफी ठाठ का ऋषभ पञ्चम–संवादी है, अतः श्रुति–संख्या के गणनानुसार यह ऋषभ चतुःश्रुतिक होता है। धैवत को इस ऋषभ का संवादी माना जाय तो वह भी चतुःश्रुतिक (=पञ्चम–भावी) होगा। काफी में कोमल गान्धार–निषाद वैज्ञानिक प्रयुक्त होते हैं, प्राचीन ष० ग्राम के स्वरों की काफी के स्वरो के साथ तुलना श्रुति–संख्यानुसार निम्नोक्त प्रकार से होगी :–

ष० ग्रामः–सा ३ रि २ ग ४ म ४ प ३ ध २ नि ४ सां

काफीः– सा ४ रि २ ग ३ म ४ प ४ ध २ नि ३ सां

काफी के कोमल गान्धार–निषाद षट्–श्रुतिक हैं। अतः षड्जग्राम के **ग–नि** से एक श्रुति चढ़े हैं। इनको दाक्षिणात्य पद्धति में षट्–श्रुतिक अथवा **'साधारण'** गान्धार–निषाद कहते हैं, जो कि यह संज्ञा शास्त्रानुसार भ्रामक है।

९ : मध्यमग्राम

म० ग्रामिक स्वरों का **श्रुति–मूल्य** षड्जग्राम की तुलना में निम्नानुसार है :–

ष० ग्राम :–सा ३ रि २ ग ४ म ४ प ३ ध २ नि ४ सां

म० ग्राम :–सा ३ रि २ ग ४ म ३ प ४ ध २ नि ४ सां

अर्थात् म० ग्रामिक **प** तीन श्रुति का तथा **ध** ४ श्रुति का है। म० ग्राम को मध्यम से प्रारम्भ करने पर उसके स्वर इस प्रकार होंगे :–

म ३ प ४ ध–––––२ नि ४ सां ३ रिं २ मं ४ मं

= सा ३ रि ४ अन्तर ग २ म ४ प ३ ध २ नि ४ सां

मध्यमग्राम को षड्ज से प्रारम्भ करने पर **त्रिश्रुतिक पञ्चम** प्राप्त होता है, जो संगीत में अप्रयोज्य होगा। परन्तु मध्यमग्राम को मध्यमाधारित मानने पर इस त्रिश्रुतिक पञ्चम का त्रिश्रुतिक ऋषभ बन जाता है। फलतः 'उतरा' –रि–युक्तखमाज ठाठ उत्पन्न होता है।

इस प्रकार के मध्यमग्राम से अन्तर गान्धार की प्राप्ति होती है, अतः मान सकते हैं कि अन्तर गान्धार का प्रादुर्भाव इसी प्रकार से हुआ होगा तथा षड्जग्राम में इस गान्धार के प्रतिनिधि के रूप में काकली निषाद उत्पन्न हुआ होगा।

१० : द्विविधैव मूर्छना

हार्प के सदृश प्राचीन वीणा में एक ग्राम से दूसरे ग्राम को आसानी से करने की रीति को **भरत** ने 'द्विविधैव मूर्छना' नाम से कही है। यह रीति इस प्रकार है :–

षड्जग्रामिक शुद्ध गान्धार को दो श्रुति चढ़ा कर (अर्थात् अन्तर गान्धार बनाकर) षड्ज को मध्यम समझा जाने से षड्जग्राम का मध्यमग्राम आसानी से बन जायेगा (IV, पृ० २६)। एवं इसके विपरीत क्रिया करने से म० ग्राम का ष० ग्राम बन जायेगा, क्योंकि चतुःश्रुतिक गान्धार म० ग्रामिक धैवत हो जायेगा। इस योजना से एक ग्राम के अन्य स्वर दूसरे ग्राम के अन्य स्वरों से यथायोग्य मिल जाते हैं। इस प्रक्रिया को over–lapping नाम दे सकते हैं। इस योजना से सिद्ध होता है कि अन्तर–गान्धार तथा धैवत परस्पर संवादी हैं, यद्यपि **भरत** ने इस प्रक्रिया के लिए प्रयुक्त चतुःश्रुतिक गान्धार को अन्तर–गान्धार का नाम तक नहीं दिया है।

११ : गान्धारग्राम

गान्धारग्राम के स्वरों का श्रुति–मूल्य निम्नानुसार कहा गया है :–

सा, २ रि, ४ ग, ३ म, ३ प, ३ ध, ४ नि, ३ सां

इसमें रि कोमल, प त्रिश्रुतिक जैसे स्वर होते हैं। इस ग्राम को गान्धार से प्रारम्भ करने पर निम्न–निर्दिष्ट स्वर-सप्तक बनता है :–

सा, ३ रि, ३ ग, ३ म, ४ प, ३ ध, २ नि, ४ सां
।
(ग)

इससे 'उतरी काफी' का ही ठाठ प्राप्त होता है, परन्तु गान्धार षट्श्रुतिक अर्थात् कैशिक प्राप्त होता है। परिणामस्वरूप यह ग्राम आगे चलकर लुप्त हो गया।

१२ : मार्जना-स्वर तथा ग्राम-सप्तक

जाति–ग्रामरागों के साथ संगत के लिए प्राचीन मृदंग के मुखों को लेपादि लगाकर ग्रामों के अनुसार आवश्यक स्वरों में मिलाने की क्रिया को **भरत** ने मार्जना कहा है। **षड्जग्रामिक** रागों के लिए मृदंग के दो मुखों तथा उर्ध्वक के स्वर निम्नानुसार बताये हैं :–

मृदंग में **षड्ज, ऋषभ** तथा उर्ध्वक में **धैवत** (= 'अर्धमायूरी')। **मध्यमग्रामिक** रागों के लिए निम्नोक्त 'मायूरी' मार्जना कही है :–

मृदंग में **गान्धार** तथा षड्ज एवं उर्ध्वक में पञ्चम (३४।११९, १२०)। इनके उपरान्त 'कामारिवी' मार्जना के लिए ऋषभ, षड्ज तथा पञ्चम स्वरों में इन वाद्यों को लगाने के लिए कहा है (३४।१२१)।

इन मार्जनाओं के लिए जो स्वर बताये गये हैं, उनसे ग्राम के स्वरों के संवाद का बोध नहीं होता है।

२. अन्तर–काकली

१ : प्राचीन शुद्ध अर्थात् द्विश्रुतिक गान्धार–निषाद को दो–दो श्रुति चढ़ाने से क्रमशः अन्तर तथा काकली स्वरों का निर्माण होता है, जो चतुःश्रुतिक माने गये हैं। **भरत** ने इन्हीं स्वरों को 'साधारण' संज्ञा दी है तथा एक ग्राम में एक साधारण–स्वर का उपयोग बताया है :–

(a) "स्वर-साधारणं काकल्यन्तर–स्वरौ।"

(b) "स्वर-साधारणं द्विविधं द्वैग्रामिक्यम्।" (२८।३५, पृ० ३२)

२ : **भरत** ने 'साधारण' संज्ञा का अर्थ निम्नोक्त वचन में काव्यात्मक दृष्टान्त द्वारा बताया है :–

"तत्र साधारणं नाम अन्तर–स्वरता। कस्मात्? द्वयोरन्तरे भवति यत् तत् साधारणम्। यथा– छायासु भवति शीतं प्रस्वेदो भवति आतपस्थस्य।" इ० (२८।३४, पृ० ३१)

अर्थात् "अन्तर–स्वरता ही साधारण है। दोनों के मध्य में जो होता है, उसको साधारण कहते हैं। इसका उदाहरण काल–साधारणता है, जो ऋतुओं में शिशिर के अन्त में तथा वसन्त के प्रारम्भ में अनुभव में आती है," इत्यादि।

३ : सारांश, अन्तर–काकली का निश्चित स्थान **भरत** द्वारा नहीं कहा जा सका है। **भरत** के वक्तव्य को **अभिनव** ने निम्नानुसार स्पष्ट किया हैं :–

"अन्तरे भवः अन्तरः, स्व-स्थान-च्युतः पर–स्थान-संक्रान्तः। स(?न)च असौ स्व-रक्तत्वं, न तु विस्वरम्, तस्य भावः साधारणम् इति।" (पृ० ३१)

[मुद्रित प्रति में "स च असौ स्वरक्तत्वं" ऐसा वाक्य है, परन्तु शास्त्रकारों ने अन्तर-काकली को स्वरत्व नहीं अर्पित किया है, अतः इस वाक्य का शुद्ध पाठ 'न च असौ स्व-रक्तत्वं' इस प्रकार होना चाहिए। आगे के शब्द 'न तु' हैं, जो वाक्य के पूर्वांश में भी अपेक्षित हैं।]

अर्थात् "अन्तर-काकली स्वर स्वतन्त्र रूप से रञ्जक नहीं हैं, परन्तु वे बेसुरे भी नहीं हैं। अतः इस प्रकार का जो भाव है, वही 'साधारण' है।"

अर्थात् "शुद्ध गान्धार निश्शेषतया गया नहीं तथा मध्यम आया नहीं, तब ऐसी अवस्था को अन्तर स्वर कहते हैं।" **शार्ङ्गदेव** ने भी अन्तर-काकली के स्थानों को इसी प्रकार बताया है (१।५।२, ३)।

सारांश यह है कि 'दो स्वरों के बीच' कहने से अन्तर-काकली का वैज्ञानिक स्वर-स्थान प्राप्त नहीं हो सकता, जैसा कि हमारे विद्वान् चाहते हैं।

४ : भरत ने 'साधारण-कृता' मूर्छनाओं को अन्तर-काकली-युक्त कहा है (२८।८३); उसी प्रकार सुषिराध्याय में भी-

"स्वर-साधारणश्चापि काकल्यन्तर-संज्ञया" ।।३०।४।।

कहा है। **दत्तिल** (श्लो० ४६) तथा **मतङ्ग** ने भी (पृ० २२) साधारण संज्ञा अन्तर-काकली को ही प्रयुक्त की है। **शार्ङ्गदेव** का भी साधारण संज्ञा से यही अभिप्राय है (१।७।२१, २४)।

५ : प्राचीन शास्त्रकारों ने इन स्वरों को स्वतंत्र नहीं माना है तथा उनको 'अनंश' भी कहा है (**ना० शा०** IV, २८।३५, पृ० ३२, **द०** श्लो. १७)। उपरान्त **भरत** ने अन्तर स्वरों का प्रयोग केवल आरोही तथा अल्प कहा है (२८।३५)।

सप्त-श्रुतिक-संवाद तथा षड्जान्तर-भाव

१ : कतिपय आधुनिक विद्वानों ने विज्ञान के आधार पर षड्ज तथा अन्तर (तीव्र) गान्धार का सप्त-श्रुतिक संवाद माना है, परन्तु इस कल्पना के लिए प्राचीन अथवा मध्ययुगीन ग्रन्थों में आधार प्राप्त नहीं है।

२ : मुद्रित **बृहद्देशी** में :-

"सप्त-नवक-त्रयोदशान्ताः संवादिनः।" (पृ० १६)

वाक्य आया है, उसमें 'सप्त' शब्द अशुद्ध है, क्योंकि पूर्वोत्तर ग्रंथों में इस प्रकार का उल्लेख उपलब्ध नहीं है।

३ : सप्त-श्रुतिक संवाद की कल्पना **पं० देवल** ने हमारे संगीत में प्रविष्ट की है।

४ : भाव संज्ञा सर्व-प्रथम **पं० अहोबल** ने प्रयुक्त की है :-

"षड्ज–पञ्चम–भावेन षड्जे ज्ञेया स्वरा बुधैः ।। ३२७ ।।

अहोबल के इस कथन से चक्रिक अर्थात् **पायथेगोरियन्** स्वरों की उपलब्धि होती है । तात्पर्य यह की षड्ज–गान्धार–संवाद तथा षड्जान्तर–भाव आधुनिक विज्ञान की ही देन है ।

३. कैशिक स्वर

१ : भरत ने अन्तर–काकली को ही कैशिक यह द्वितीय संज्ञा दी है, ऐसा प्रतीत होता है, जो पूर्व में बताया गया है । परन्तु **अभिनवगुप्त** ने कैशिक स्वर अन्तर–काकली से भिन्न होकर त्रिश्रुतिक हैं, इस प्रकार का साग्रह प्रतिपादन किया है (IV, पृ० ३३) । उसने इन त्रिश्रुतिक गान्धार–निषादों का योग संयुक्त ग्राम–सप्तक में बताया है (IV, पृ० ३३, ३४) ।

२ : षड्ज–साधारण अर्थात् कैशिक निषाद का प्रयोग ष० ग्राम में तथा मध्यम–साधारण अर्थात् कैशिक गान्धार का प्रयोग म० ग्राम में करने से दोनों ग्रामों में मध्यम तथा पञ्चम बेसुरे उत्पन्न होते हैं :–

(a) **ष० साधारण :–** सा, ४ रि, २ ग, ४ म[१०], ४ प[१४], ३ ध, ३ नि, २ सां

(b) **म० साधारण :–**सा, ३ रि, ३ ग, २ म[८], ४ प[१२], ४ ध, २ नि, ४ सां
(म)

३ : परन्तु यदि दोनों ग्रामों के कैशिक–युक्त अंशों को जोड़ा जाय, जैसा **अभिनवगुप्त** ने सूचित किया है, तो उसके द्वारा उत्पन्न हुआ स्वर–सप्तक यथायोग्य रूप में प्राप्त होता है । यह **द्वि–ग्राम–संसृष्ट कैशिक सप्तक** प्रचलित शुद्ध (देवगिरी) **विलावल** का होता है :–

सा, ४ रि[४], ३ ग[७], २ म[९], ४ प[१३], ४ ध[१७], ३ नि[२०], २ सां[२२]

इसमें प्रचलित तीव्र रि, ग, ध, नि की उपलब्धि होती है । **कैशिक** नामधारी सभी जातियों तथा रागों का यही स्वर–सप्तक है, ऐसा **अभिनवगुप्त** का कथन है (IV, पृ० ३४–३५) **शार्ङ्गदेव** ने कैशिकों का वर्णन तो किया है, परन्तु कैशिक–युक्त संयुक्त–सप्तक की चर्चा उसने नहीं की है, जिससे भ्रम उत्पन्न होता है ।

४ : मूर्छना के कैशिक–युक्त प्रकार शास्त्रकारों ने अलग से नहीं बताये हैं, इस शंका का समाधान करते हुए "कैशिक स्वरों का अन्तर्भाव अन्तर–काकली में हो जाता है, अतः उनका पृथग्–भेदकत्व नहीं कहा हैं ।" ऐसा **कल्लिनाथ** ने स्पष्ट किया है (पृ० १०८) । [**अड्यार** संस्करण में मुद्रित– "काकल्यन्तरयोः साधारणयोः

अन्तर्भूतत्वेन तयोः पृथग्-भेदकत्वम् ।"-वाक्य 'अन्तर्भूतत्वे न तयोः पृथग्-भेदकत्वम्' इस प्रकार शुद्ध होगा ।] शाङ्गर्देव के समय में ग्राम-संसृष्ट प्रयोग का प्रचलन था, ऐसा **कल्लिनाथ** ने कहा है :-

"लक्ष्ये प्रायेण ग्राम-द्वय-संसृष्ट-प्रयोग-दर्शनात् ।" (I, पृ० १०४)

५ : जिन जाति-रागों में गान्धार-निषाद अल्प होते हैं, उनमें अन्तर-काकली का तथा जिन जाति-रागों में ऋषभ-धैवत दुर्बल होते हैं, उनमें कैशिक स्वर-सप्तक का प्रयोग आवश्यक है, ऐसा **अभिनवगुप्त** ने स्पष्ट किया है । इन जाति-ग्रामों के यथार्थ स्वरूप का आकलन करने के लिए **अभिनवगुप्त** का उक्त कथन अत्यन्त महत्त्व-पूर्ण है (IV, पृ० ३४) ।

६ : **रामामात्यादि** दाक्षिणात्य शास्त्रकारों ने प्राचीन कैशिक स्वरों को षट्-श्रुतिक अर्थात् प्रचलित कोमल गान्धार लिख दिये हैं, जो प्राचीन शास्त्रों पर आधारित नहीं है ।

७ : **भरत** ने कैशिक स्वरों का प्रयोग सूक्ष्म होता है, ऐसा कहा है :-

"अस्य तु प्रयोगस्य सौक्ष्म्यात् कैशिकम् इति द्वितीयं नाम निष्पद्यते ।" (२८।३५, पृ० ३२)

इस पर भाष्य करते हुए **अभिनव गुप्त** ने एक विशेष अर्थ बतलाया है तथा कहा है कि **भरत** ने इन 'एक-श्रुतिक' अर्थात् त्रिश्रुतिक स्वरों का उपयोग केवल गान्धर्व-संगीत में अदृष्ट-सिद्धि के लिए कहा है एवं 'सौक्ष्म्यात्' शब्द को **भरत** ने इस कारण से प्रयुक्त किया है कि लक्ष्य में इन स्वरों का होना असंभव हैं :-

"गान्धर्वे नियतम् अदृष्ट-सिद्धये एक-श्रुतित्वं स्वराणां दर्शितम् ।" "अस्य लक्ष्ये असंभवं दर्शयितुं संज्ञां करोति अस्य तु प्रयोगस्य सौक्ष्म्याद् इति" (VI, पृ० ३४) ।

४. अंश

१ : **भरत** ने अंश के १० लक्षण-"यस्मिन् भवति रागश्च" इत्यादि कहे हैं (२८।६८, ६९) । उनको देखने से ज्ञात होता है कि जाति के रूपों को बनाने के अनेक कार्य उसने अंश पर सौंपे हैं । "जिसकी सत्ता के कारण जातिस्वरूप उत्पन्न होता है जैसे पुरुष के स्वरूप में शिर (=मुख) प्रमुख है; जिस स्वर का बाहुल्य होता है, जो ग्रहादि पाँच रूपों को उत्पन्न करता है" इत्यादि स्पष्टीकरण **अभिनवगुप्त** द्वारा किया गया है (IV, पृ० ४४, ४५) । **मतङ्ग** ने तथा **शाङ्गर्देव** ने भरतोक्त लक्षणों का ही अनुवाद किया है । **दत्तिल** ने अतिबहुल स्वर को **वादी** तथा **अंश** संज्ञा दी है

"षड्ज-पञ्चम-भावेन षड्जे ज्ञेया स्वरा बुधैः ।। ३२७ ।।

अहोबल के इस कथन से चक्रिक अर्थात् **पायथेगोरियन्** स्वरों की उपलब्धि होती है। तात्पर्य यह की षड्ज-गान्धार-संवाद तथा षड्जान्तर-भाव आधुनिक विज्ञान की ही देन है।

३. कैशिक स्वर

१ : भरत ने अन्तर-काकली को ही कैशिक यह द्वितीय संज्ञा दी है, ऐसा प्रतीत होता है, जो पूर्व में बताया गया है। परन्तु **अभिनवगुप्त** ने कैशिक स्वर अन्तर-काकली से भिन्न होकर त्रिश्रुतिक हैं, इस प्रकार का साग्रह प्रतिपादन किया है (IV, पृ० ३३)। उसने इन त्रिश्रुतिक गान्धार-निषादों का योग संयुक्त ग्राम-सप्तक में बताया है (IV, पृ० ३३, ३४)।

२ : षड्ज-साधारण अर्थात् कैशिक निषाद का प्रयोग ष० ग्राम में तथा मध्यम-साधारण अर्थात् कैशिक गान्धार का प्रयोग म० ग्राम में करने से दोनों ग्रामों में मध्यम तथा पञ्चम बेसुरे उत्पन्न होते हैं :-

(a) **ष० साधारण** :- सा, ४ रि, २ ग, ४ म[१०], ४ प[१४], ३ ध, ३ नि, २ सां

(b) **म० साधारण** :-सा, ३ रि, ३ ग, २ म[८], ४ प[१२], ४ ध, २ नि, ४ सां
(म)

३ : परन्तु यदि दोनों ग्रामों के कैशिक-युक्त अंशों को जोड़ा जाय, जैसा **अभिनवगुप्त** ने सूचित किया है, तो उसके द्वारा उत्पन्न हुआ स्वर-सप्तक यथायोग्य रूप में प्राप्त होता है। यह **द्वि-ग्राम-संसृष्ट कैशिक सप्तक** प्रचलित शुद्ध (देवगिरी) **विलावल** का होता है :-

सा, ४ रि[४], ३ ग[७], २ म[९], ४ प[१३], ४ ध[१७], ३ नि[२०], २ सां[२२]

इसमें प्रचलित तीव्र रि, ग, ध, नि की उपलब्धि होती है। **कैशिक** नामधारी सभी जातियों तथा रागों का यही स्वर-सप्तक है, ऐसा **अभिनवगुप्त** का कथन है (IV, पृ० ३४-३५) **शार्ङ्गदेव** ने कैशिकों का वर्णन तो किया है, परन्तु कैशिक-युक्त संयुक्त-सप्तक की चर्चा उसने नहीं की है, जिससे भ्रम उत्पन्न होता है।

४ : मूर्छना के कैशिक-युक्त प्रकार शास्त्रकारों ने अलग से नहीं बताये हैं, इस शंका का समाधान करते हुए "कैशिक स्वरों का अन्तर्भाव अन्तर-काकली में हो जाता है, अतः उनका पृथग्-भेदकत्व नहीं कहा हैं।" ऐसा **कल्लिनाथ** ने स्पष्ट किया है (पृ० १०८)। [**अड्यार** संस्करण में मुद्रित- "काकल्यन्तरयोः साधारणयोः

(श्लोक १८)। **शार्ङ्गदेव** ने अंश का व्यापक लक्षण–" बहुलत्वं प्रयोगेषु " दिया है (१।७।३२) एवं **कल्लिनाथ** ने उसी लक्षण को दृढ़ करते हुए अंश का न्यासादि होना, यह कारण प्रस्तुत किया है (I, पृ० १८२, १८३)।

२ : कुछ जातियों में अनंश भी बहुल होते हैं, इसको लक्षित करते हुए **कल्लिनाथ** ने अंश का भेदक लक्षण–" जो स्वर अपने स्थायित्व के कारण प्रयोग में बहुल होता है, वही अंश है " इस प्रकार बताया है (I, पृ० १८२)। **कल्लिनाथ** के इस स्पष्टीकरण से अंश के एक प्रमुख अवतार ' स्थायी ' की सूचना मिलती है।

३ : प्रचलित संगीत में ' अंश ' परिभाषा लुप्त हो गयी तथा रागों के अंश स्वरों को ' न्यास ' नाम देने की भ्रामक प्रथा चालू हो गयी।

५. वादी

i. **मतङ्ग** ने वादी को ' वदनात् स्वामिवत् ' कहा है (**बृ० दे०** पृ० १३)। **कल्लिनाथ** ने वादी का विशेष लक्षण ' जाति–रागों में प्रधान ' कहा है तथा उर्वरित अन्य (बहुलत्वादि) लक्षणों से अंश परिलक्षित होता है, ऐसा स्पष्टीकरण किया है:–

" प्राधान्याद् वादि–शब्द–वाच्यम्। अन्यैः लक्षणैः अंश–शब्द–वाच्यम्।"
(I, पृ० १८३)

ii. एक ही जाति में अनेक अंश होते हैं और उनमें से प्रत्येक अंश बारी–बारी से वादी बन सकता है, ऐसा **कल्लिनाथ** ने आगे स्पष्ट किया है। उदाहरणार्थ–षाड्जी जाति में सा, ग, म तथा ध अंश हैं और उनको बारी–बारी से वादी तथा ग्रह बनाया जाता है :–

" ते पर्यायेण वादिनः ग्रहाः च भवन्ति।" (I, पृ० १९६)

अर्थात् यह व्यवस्था जातियों के विकृत प्रकार बनाने के लिए कार्यकारी होती है। अंशों में से जो स्वर वादी नहीं बनाया जाता था, उसको **पर्यायांश** संज्ञा दी जाती थी, ऐसा **कल्लिनाथ** ने स्पष्ट किया है :–

" पर्यायांशे वादि–भूतांशाद् व्यतिरिक्तांशे।" इ० (पृ० १९०)

इस चर्चा का यही निष्कर्ष निकलता है कि प्रचलित **हिन्दुस्तानी संगीत** में रागों के **वादी** की जो कल्पना की जाती है, वही कल्पना प्राचीन वादी की थी।

iii. **नान्यदेव** ने वादी की व्याख्या निम्नानुसार की है :–

(a) " स तत्र वादी स्वरः, यः बहुलः सन् सकल–गीत–शरीराभोग–पूरकः ॥४९॥ (Vol. II, पृ० ९)

(b) " तत्र गीतादौ समाप्तौ च वादी स्वरः।" इ. (पृ० १०)

इस व्याख्या के अनुसार ग्रह तथा न्यास स्वरों का अन्तर्भाव वादी स्वर में ही होता है । परन्तु इस नियम का विनियोग शुद्ध जातियों में हि दृष्टिगोचर होता है ।

६. विवादी

१ : प्राचीन शास्त्रकारों ने द्वि-श्रुत्यन्तर स्वरों को विवादी की संज्ञा दी है। फलस्वरूप, रि-ग तथा ध-नि जोड़ियाँ परस्पर विवादी मानी गयी हैं । किन्तु ऋषभ के बाद गान्धार का उच्चार नहीं करना अथवा विपरीत, ऐसा यहाँ विवादी का अर्थ नहीं है । विवादी अर्थात् **वर्ज्य** ऐसा भी अर्थ नहीं है, क्योंकि जातियों के स्वर-प्रस्तार में ऋषभ के पश्चात् गान्धार अथवा इसके विपरीत स्वर-चलन को ग्रन्थकारों ने दिया है । उदाहरणार्थ- **सं० रत्नाकर** में षाड्जी की आक्षिप्तिका के स्वर-लेख में रि-ग तथा ध-नि के योग निम्नप्रकार से आये हैं :-

(१) 'पा निध पा धनि' (-प्रथम पङ्क्ति)

(२) रिग सा री गा सा (-तृतीय पङ्क्ति((I, पृ० १९९,२००)

जाति के स्वरों में ऋषभ के पश्चात् गान्धार अथवा गान्धार के पश्चात् ऋषभ इस तरह स्वर जहाँ आते हैं, वहाँ **नान्यदेव** ने वैसा स्पष्टीकरण भी किया है :-

(a) "पुनराभ्यन्तर-स्थित-विवादिनो ऋषभ-गान्धारयोः सम्पृक्तयोः प्रयोगः।" (**भ० भा०** II, पृ० १८, कण्डिका-९५)

(b) "ऋषभ-गान्धारौ उत्तरौ यथा-'रि-ग' इति।" (पृ० १८, कं० ९८) इत्यादि ।

२ : प्रचलित कई रागों में भी इस नियम का पालन अल्पाधिक रूप से होता है, जैसा कि **कोमल गान्धारवाले** कुछ रागों में आरोह में गान्धार नहीं लिया जाता । उसी तरह **तीव्र गान्धारवाले** कुछ रागों में आरोह "सरिमप" तथा अवरोह- "गमरिसा" किया जाता है । उसी प्रकार प्रचलित **दो निषादों वाले रागों में** आरोह में तीव्र निषाद तथा अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग किया जाता है । इसी प्रकार का नियम अन्तर-काकली के प्रयोग के विषय में **भरत** ने भी दिया है। दोनों गान्धारों अथवा दोनों निषादों का जोड़ कर लेने की रीति हिन्दुस्तानी कुछ थोड़े रागों में प्रचलित है, वह गत १००-१२५ वर्षों पूर्व पैदा हुए कलाकारों की देन है, ऐसा तर्क होता है । इस प्रकार का प्रयोग भी अधिकतर **मींड** के द्वारा किया जाता है ।

३ : प्राचीन ग्रन्थकारों ने विवादी स्वर को शत्रुवत् कहा है, उसका भावार्थ इतना ही है कि इन विवादी स्वरों का प्रयोग अल्प होता है, जैसा **अभिनवगुप्त** ने स्पष्ट किया है :-

"अरिवद् विवादी तु अल्पः।" (IV, पृ० १८)

४ : प्राचीन ग्रन्थकारों में से एक **पार्श्वदेव** ने विवादी स्वर का प्रयोग 'स्वल्प' अथवा 'प्रच्छादनीय' अर्थात् 'मनाक् स्पर्श' की क्रिया से करना होगा, ऐसा कहा है (श्लो० ९, १०)। इस कथन में पार्श्वदेव ने वर्ज स्वरों को विवादी माना है अथवा रि–ग, ध–नि के विषय में यह कथन किया है, इसका निश्चय नहीं कर सकते।

५ : **पं० अहोबल** ने 'विवादी' संज्ञा वर्ज स्वरों के लिए प्रयुक्त की है :–

"रक्तिच्छेद–हेतुत्वं यस्मिन् रागे तु यस्य तत् ॥ ८२ ॥
तद्रागस्थ–स्वरैस्तस्य विवादित्वं भवेद् ध्रुवम्।"

६ : **व्यंकटमखी** ने रागों के वर्ज स्वरों को विवादी संज्ञा की है; इतना ही नहीं, प्रत्युत, रक्ति बढाने के लिए राग में वर्ज स्वरों का अल्प प्रयोग करना ही चाहिए ऐसा भी सूचित किया है :–

"स्वरूप–मर्दनं तेन प्रयोगे स्याद् विवादिनः।
स्वरूप–मर्दनाभावे गीत–रक्तिर्न लभ्यते" ॥ ३।१५३॥ इ०

७ : **व्यंकटमखी** की इस कल्पना को पं० **भातखण्डेजी** ने ग्रहीत कर के और आगे बढ़ायी है :–

"विवादिनं स्वरं प्रायो योजयन्त्यवरोहणे।
न तत् शास्त्रेऽपि दोषार्हं ग्रन्थेषु नियमो ह्यसौ ॥ ४६ ॥
सुप्रमाण–युतो मन्ये विवाद्यपि सुरक्तिदः।
यथेषत्–कृष्ण–वर्णेन शुभ्रस्यातिविचित्रता" ॥ ४७ ॥ (**ल० सं०**, पृ० ७४)

कहना नहीं पड़े कि उपरोक्त अन्तिम श्लोक में पंडित जी ने 'अतिविचित्रता' शब्द ठीक ही प्रयुक्त किया है, क्योंकि लोगों में ऐसी बात हास्यास्पद ही मानी जाती है। राग–बाह्य स्वरों का मिश्रण कुशलता से केवल ठुमरी आदि सुगम संगीत में ही किया जाता है।

७. न्यास

१ : सामान्य अर्थ

प्राचीन शास्त्रकारों ने 'न्यास' संज्ञा को दो अर्थों में प्रयुक्त किया है :– (१) गीत के समाप्ति–कारक स्वर के अर्थ में, तथा (२) आधार–स्वर अर्थात् ठाठ बनानेवाले स्वर (tonic) के अर्थ में।

सामान्य अर्थ के प्रयोग के उदाहरण निम्नानुसार हैं :–

(a) "अत्र न्यास–शब्देन गीत–मोक्षः उच्यते, न तु स्वर–विशेषः। अंश–स्वरे गीत–मोक्षः कर्तव्यः।" इ० (**सं० र०**, II पृ० २३४ **क०**)

(b) "न्यासान्तो विविधः कार्यः" इ० ।। ५।७१।। (**सं० र०**)

अर्थात् "विविध नामक गीतों का अन्तिम स्वर जनक-जाति का न्यास स्वर होना चाहिए।"

(c) "राग-जनक-जातेः न्यास-स्वरः समाप्ति-स्वरः अन्ते यस्य...।" (II, पृ० ३५ **सिं०**) यहाँ पर 'न्यास' शब्द उसके विशेष अर्थ में प्रयुक्त है एवं गीत के समाप्तिजनक स्वर के लिए 'अन्त' शब्द प्रयुक्त है।

२ : विशेष अर्थ :–

"गीते समाप्तिकृन् न्यासः।" (१।७।३८, **सं० र०**)

इसका **कल्लिनाथ** द्वारा स्पष्टीकरण निम्न-प्रकार से है :–

"जात्यादि-प्रयोगे समाप्तिकृन् निरपेक्षावसानकारी स्वरः न्यासः। न्यस्यते, त्यज्यते येन गीतम् इति।" (I, पृ० १८७ **क०**)

अर्थात् जाति आदि में निरपेक्षतया समाप्ति का स्वर न्यास कहलाता है। **शाङ्गर्देव** के उपरोक्त वचन में आये हुए 'गीत' शब्द का अर्थ जाति तथा ग्रामराग है, न कि मद्रकादि गया है।

(३) प्रचलित **हिन्दुस्तानी संगीत** में रागों के विश्रान्ति-स्वरों के लिए 'न्यास' संज्ञा का प्रयोग कुछ लेखकों ने चालू किया है। ये विश्रान्ति-स्वर वास्तव में अंश स्वर होते हैं, अतः 'न्यास' परिभाषा का यह दुरुपयोग है। इससे प्राचीन 'न्यास' संज्ञा के सही अर्थ को समझना दुष्कर हो गया है।

८. न्यास की अपरिवर्तनीयता

अंश एवं वादी के कार्यों से न्यास का कार्य नितान्त भिन्न तथा सुनिश्चित है। जाति के विकृत प्रकारों को बनाने के लिए उसके ग्रह, अंश स्वरों को परिवर्तित किया जाता था। परन्तु जाति के विकृत प्रकारों को उत्पन्न करने के लिए उसका न्यास स्वर कभी भी नहीं बदला जा सकता था। इस नियम को **भरत** ने निम्नोक्त शब्दों द्वारा निर्दिष्ट किया है :–

"अन्यतमेन द्वाभ्यां बहुभिः वा लक्षणैः विक्रियाम् उपगताः न्यास-वर्जं विकृत-संज्ञाः भवन्ति" ।।२८।४६।।

शाङ्गर्देव ने इसी कथन को निम्न शब्दों में बद्ध किया है :–

"विकृता न्यास-वर्जैतल्लक्ष्म-हीना भवन्त्यमूः" ।। १।७।३ ।।

इसका **कल्लिनाथ** के द्वारा किया गया स्पष्टीकरण निम्नानुसार है :–

(a) "अस्यां षाड्ज्यां षड्जः न्यासः इति वदतः अयं भावः। अस्यां षाड्ज्यां विकृतावस्थासु ग्रहादीनाम् अनियमत्वे अपि नामस्वरस्य एव न्यासत्वं शुद्धायां विकृतासु च नियतम्।" (I, पृ० १९९–२०० क०)

(b) "अत्र न्यास–नियमस्य परित्यागः न इष्टः। तस्मिन् अपि परित्यक्ते सति विकृतासु जात्यन्तर–भेदकत्वेन प्रधान–भूतावयवाननुवृत्तौ जाति–भेदत्व–प्रतीतिः न स्यात्।" (I, पृ० १७०)

अर्थात् "षाड्जी जाति में षड्ज न्यास है, ऐसा कहा है। इसका भावार्थ यह है :–षाड्जी की विकृत अवस्था में ग्रह आदि का नियम बदला जाता है, परन्तु जाति के शुद्ध तथा विकृत दोनों प्रकारों में जाति के नाम–स्वर का ही न्यास होना निश्चित है। अतः जाति के प्रकारों में न्यास स्वर का परित्याग इष्ट नहीं है। क्योंकि, न्यास को बदल कर जाति का विकृत प्रकार यदि बनाया गया तो जाति का प्रधानभूत अवयव ही नहीं रह जायेगा। यदि ऐसा किया गया तो एक जाति से दूसरी जाति का भिन्नत्व पहचाना नहीं जा सकेगा।"

भरत ने प्रत्येक जाति का स्वरूप उसके न्यास तथा उसमें प्रयुक्त स्वर–संगति पर आधारित है, ऐसा कहा है :–

(a) "न्यासान्तरमार्गौ तु विशेषकौ।"

[भरत के इस वचन को **अभिनवगुप्त** ने अपनी टीका में उद्धृत किया है, जो 'न्यासान्तर–भागौ०' इस प्रकार **बरोडा** संस्करण में अशुद्ध मुद्रित है (IV, पृ० ३३)। **भरत** का यह वाक्य नाट्यशास्त्र के **निर्णयसागर** तथा **बरोडा** संस्करण में (IV, पृ० ३२) लुप्त है।]

(b) "न्यासश्चान्तरमार्गश्च जातीनां व्यक्ति–कारकः" ॥ **ना. शा.** २८। ७५॥

जाति के लक्षणों को स्पष्ट करते हुए **नान्यदेव** ने इसी भरतवचन का अनुसरण किया है :–

"अन्तर–मार्गणं न्यासश्च जातीनाम् अभिव्यक्ति जनयति।" (**भ. भा.** II, पृ० १३२)

इससे सिद्ध होता है कि जाति का स्वरूप अर्थात् **ठाठ** सिद्ध करने का कार्य जातिका न्यास–स्वर ही करता था।

कल्लिनाथ ने किसी भी एक अंश को वीणा की उपतन्त्रियों के साहाय्य से स्थायी करने को कहा है, इसे न्यास के विषय में ही समझना चाहिए।

अठारह जातियों में से केवल दो जातियों के न्यास एक से अधिक हैं। षड्ज-मध्यमा जाति के न्यास षड्ज तथा मध्यम को मिलाकर दो हैं। कैशिकी जाति के न्यास गान्धार, पञ्चम तथा निषाद को मिलाकर तीन हैं। इन जातियों के दो अथवा

कि "षड्ज आदि जो स्वर राग का अंश होता है, उसी स्वर पर राग की स्थापना की जाती है। राग की स्थिति उत्पन्न करने में यह स्वर कारणीभूत होता है, अतः उसको स्थायी कहते हैं।" **कल्लिनाथ** के उपरोक्त वाक्य में 'राग-स्थिति' शब्द आया है, उसका अर्थ 'राग-संस्थिति' अर्थात् 'राग का ठाठ' इस प्रकार है। सारांश यह कि मेलोत्पाद स्वर की प्राचीन संज्ञा 'स्थायी' थी।

२ : जीव-स्वर का बहुशः उच्चारण जिनमें मुख्य है, ऐसे स्थायों के द्वारा रागों की स्थापना अर्थात् अभिव्यक्ति हो जाती है, इस प्रकार **शाङ्र्गदेव** ने रागालप्ति के विषय में स्पष्ट किया है :-

"स्तोक-स्तोकैस्ततः स्थायैः प्रसन्नैर्बहु-भङ्गिभिः।
जीव-स्वर-व्याप्ति-मुख्यै रागस्य स्थापना भवेत्" ॥ ३।१९६ ॥

कल्लिनाथ ने 'जीव-स्वर' का अर्थ 'अंश-स्वर' बताया है (II, पृ० १९४)। अंश-स्वर संज्ञा अस्पष्ट होने से **शाङ्र्गदेव** ने इस विषय में 'जीव-स्वर' शब्द सोद्देश्य प्रयुक्त किया है, ऐसा तर्क होता है।

३ : जीव-स्वर का अर्थ है, प्रमुख अंश अर्थात् **वादी** स्वर, जिससे राग-स्वरूप का आविष्कार तथा आविर्भाव होता है। इस अर्थ को **पार्श्वदेव** ने अधिक स्पष्ट किया है :-

"सप्त-स्वराणां मध्येऽपि स्वरे यस्मिन् सुरागता।
स जीव-स्वर इत्युक्तः, अंशो वादी च कथ्यते" ॥ ६ ॥ (पृ० ५)

अर्थात् "सात स्वरों में से जिस एक स्वर में राग का अच्छापन (सौन्दर्य का गुण) रहा है, उसको जीव-स्वर कहते हैं। जीव-स्वर को अंश तथा वादी कहा जाता है।"

रागालाप में स्थायी

शाङ्र्गदेव ने रागालाप के स्व-स्थान अर्थात् खण्ड बताते हुए प्रत्येक बार स्थायी स्वर पर खण्ड का न्यास करने को कहा है :-

(a) "चालनं मुखचालः स्यात्, स्व-स्थानं प्रथमं च तत्" ॥ ३।१९२ ॥

(b) "स्थायिनि न्यासे कृते प्रथमं स्वस्थानम्" (II, पृ० १९३ क०) इत्यादि।

सारांश, स्थायी स्वर में अर्थात् सप्तक के आधार-स्वर में जाति-राग के आलाप-तानों का न्यास उसी प्रकार किया जाता था, जिस प्रकार प्रचलित संगीत में रागों का न्यास अर्थात् संपूर्णत्व षड्ज पर किया जाता है।

पार्श्वदेव ने भी-'स्थायिनि स्थापनोच्यते' तथा 'रागस्य आकारं स्थापनां च दध्यात्।' इस प्रकार इस प्रक्रिया को स्पष्ट किया है (पृ० ७, श्लो० २६-२८)।

वीणा-वंश पर स्थायी

१ : **शाङ्र्गदेव** ने वाद्याध्याय में वीणा में तथा वंश के ऊपर विभिन्न रागों के वादन के लिए आवश्यक ठाठ उत्पन्न करने वाले स्वर को कहीं कहीं ग्रह तथा अधिकतर स्थायी नाम दिया है और उस पर न्यास करने के लिए कहा है :–

वसन्त = "ग्रह–न्यासाद् वसन्तः स्यात्‍······" ॥ ३।३५२ ॥

धन्नासी = "······न्यस्य ग्रहे······" ॥ ३५५ ॥

देशी = "ऋषभं स्थायिनं कृत्वा······" ॥ ३५६ ॥
······स्थायिनि चेन्न्यासः······॥ ३५७ ॥

डोम्बक्री = ······स्थायि–स्वरे न्यासो······" ॥ ३६२ ॥ इत्यादि

२ : **शाङ्र्गदेव** ने राग–वादन प्रकरण में अंश संज्ञा कहीं भी प्रयुक्त नहीं की है, परन्तु ग्रह एवं स्थायी संज्ञाएँ ही प्रयुक्त की हैं। ये दोनों संज्ञाएँ एकार्थक हैं, ऐसा स्पष्टीकरण **कल्लिनाथ** ने किया है :–

"अत्र प्रकरणे······स्थायी इति ग्रह–पर्यायत्वेन मन्तव्यम्। ······ अतः अत्र ग्रह एव स्थायी, स्थायी एव ग्रहः इति मन्तव्यम्।" (III, पृ० ३०४)

ऐसा मानने के लिए **कल्लिनाथ** ने कई ठोस कारणों को प्रस्तुत किया है, जो ग्रन्थ में द्रष्टव्य हैं।

इस प्रकरण में शाङ्र्गदेव ने राग अथवा उसका ठाठ बनाने हेतु मूर्छना शब्द का प्रयोग कहीं भी नहीं किया है। **पार्श्वदेव** ने भी न्यासान्त के द्वारा राग की स्थापना स्थायी स्वर में करने के लिए कहा है (पृ० ७, श्लो० १५–२६)।

नाद अर्थात् drone

प्रचार में हम आधार–स्वर को षड्ज कहते हैं, उसकी वैज्ञानिक संज्ञा drone है। इसको pitch–note भी कह सकते हैं।

३ : **शाङ्र्गदेव** ने **नादमुक्तिका** प्रबंध का वर्णन किया है (४।२७३)। नादमुक्तिका शब्द से ही प्रतीत होता है कि इस प्रबंध का "नाद पर मोक्ष" है। इस अर्थ को लक्षित करते हुए **कल्लिनाथ** ने नाद शब्द का स्पष्टीकरण निम्नानुसार किया है :–

"नाद–शब्देन अत्र स्थायि–स्वरः विवक्ष्यते। त स-रि–गादि–वर्णोच्चार–रहितं नाद–रूपम् एव उच्चार्य न्यासं कुर्याद् इति अर्थः।" (II, पृ० २९३, क०)

भावार्थ यह है कि "नाद शब्द से यहाँ स्थायी स्वर अभिप्रेत है। उस स्वर का उच्चार स, रि, ग, म आदि वर्णों द्वारा नहीं करना है, प्रत्युत नाद–रूप का ही उच्चार करते हुए न्यास करना है।"

[पं. **भातखंडेजी** ने प्राचीन स्थायी संज्ञा का अर्थ "प्रचलित वादी" इस प्रकार किया है जो भ्रामक है (**भा० शा०**, भाग १, पृ० ७१)।

इसी तरह उन्होंने **न्यास** का अर्थ ······'गीत–समाप्ति का स्वर' किया है, जो अस्पष्ट तथा अपूर्ण है।

अंश के विषय में पंडितजीने "अंश और वादी को हम एक ही समझेंगे" (१।३८) ऐसा कहा है, उससे भी कोई कार्य सिद्ध नहीं हो पाता है।]

१०. अंश का स्थायित्व–करण

१ : किसी भी स्वर को स्थायी (tonic) बनाने के लिए उस स्वर को 'नाद' अर्थात् drone देना पड़ता है। drone मिलने के कारण ही उस स्वर को आधार-स्वर (tonic) का रूप प्राप्त होता है। अंश स्वर को 'नाद' देने की योजना का निर्देश प्राचीन ग्रन्थकारों ने नहीं किया है, परन्तु **कल्लिनाथ** ने इस योजना को निम्नोक्त वाक्यों द्वारा संक्षेप में बताया है :–

"गान्धाराद्यंशत्वम् अपि स्व–स्थान–स्थितानाम् एव। तेषां स्थायित्वकरणम् अपि वीणायाम् उपतन्त्रीणां स्व–नाद–साम्यापादनम्, इति रहस्यम्।" (I, पृ० २०३, क०)

अर्थात् "षाड्जी जाति का स्वरूप बनाने के लिए उसके अंश षड्ज, गान्धार आदि को स्थायी बनाना पड़ता है। स्थायित्व–करण में षड्ज अथवा गान्धार आदि अंश स्वर अपने स्थान पर ही (अपनी ध्वनि में) रहेंगे। जिस अंश को स्थायी करना है, उसकी ध्वनि में वीणा की उपतन्त्रियों (जोड़ के तारों) को मिलाना चाहिए।"

२ : कल्लिनाथ ने इस स्पष्टीकरण में जाति के किसी भी अंश स्वर को स्थायी करने के लिये कहा है, परन्तु षाड्जी जाति के स्वर–स्वरूप अर्थात् ठाठ को उत्पन्न करने के लिए उसके मुख्य अंश अर्थात् न्यास (षड्ज) का ही स्थायित्व–करण किया जाना चाहिए। अन्य अंश गान्धार को यदि स्थायी किया जाय, तो गान्धारी जाति का ठाठ उत्पन्न हो जायेगा। षाड्जी का नाम लेने पर भी वह षाड्जी नहीं रहेगी।

कल्लिनाथ के इस कथन का आधार लेकर कुछ विद्वानों ने षाड्जी जाति के प्रत्येक अंश को स्थायी बना कर षाड्जी में से ही गान्धारी, मध्यमा तथा धैवती को उत्पन्न करके बताया है।

परन्तु **कल्लिनाथ** के उपर्युक्त वचन को एक अर्थवाद या अस्पष्ट कथन समझ कर उसका प्रयोगानुकूल अर्थ ग्रहण करना चाहिए।

३ : इसी प्रकार **अभिनवगुप्त** ने 'एक षड्जमध्यमा जाति में अन्य सभी जातियाँ रही हैं' ऐसा कहा है :–

" जातयः च सर्वाः षड्जमध्यमायाम् " (IV, पृ० ७१)

राग के एक-एक विशिष्ट स्वर पर आलाप-समुदाय तथा तानें लाकर रखने से अर्थात् एक ही राग में विभिन्न मूर्छनाएँ करने से विभिन्न रागों का आभास उत्पन्न होता है । अभिनवगुप्त का उपरोक्त कथन इसी बात को इङ्गित करता है ।

११. संस्थान तथा मेल

मंतग ने ग्रामरागों के श्रुतिभिन्न, जातिभिन्न आदि ४ भेद बताये हैं । (पृ० ८८) । शुद्धकैशिक तथा भिन्नकैशिक रागों की तुलना करते हुए **मतंग** ने स्पष्ट किया है कि जिस संस्थान से **शुद्धकैशिक** राग बनने पाता है, उसी संस्थान से ही **भिन्नकैशिक** भी राग के स्वरूप को प्राप्त करता है :-

" येन संस्थानेन रागीयते शुद्धकैशिकः तेन संस्थानेन भिन्नकैशिकः रागीयते । " (पृ० ९०)

इन दोनों रागों की जनक जातियाँ समान हैं तथा दोनों रागों का न्यास स्वर एक पञ्चम ही है । परन्तु दोनों रागों के स्वरचलन में मन्द्र-तार का भेद है । मन्द्रादि-स्थान के लिए भी **मतंग** ने संस्थान शब्द का प्रयोग आगे किया है ।

संस्थान शब्द का अर्थ होगा, स्थायी स्वर के कारण बना हुआ mode याने एक प्रकार से ठाठ । इन्हीं दोनों अर्थ में **भरत** ने ' स्थान ' शब्द को प्रयुक्त किया है, यह पूर्व में बताया है । जातियों के रूप से modes की प्रक्रिया **भरत** के समय से ही प्रचलित थी । बिना modes कोई संगीत पैदा ही नहीं हो सकता । modes तथा ठाठों में विशेष भेद नहीं है । आगे चलकर mode-पद्धति का स्पष्ट रूप ठाठ निश्चित हुआ ।

मध्ययुगीन ग्रंथकार **सोमनाथ** (१६०९ ई.) ने **मेल** को संस्थान कहा :-

"स्वर-सस्थान-विशेषाः मेलाः 'थाट' इति भाषायाम् ।" (३।१, टीका, पृ० ७९)

इसी प्रकार पं० **लोचन** (१६७५ ई०) ने ठाठ के लिए **संस्थिति** शब्द प्रयुक्त किया है । मेल की उक्त दोनों संज्ञाएँ मतगोक्त ' संस्थान ' सज्ञा के समान ही हैं ।

कल्लिनाथ ने मेल का उल्लेख किया है, अतः सिद्ध होता है कि मेल-पद्धति **कल्लिनाथ** के समय में प्रचलित थी :-

"क्वापि जन्य-जनकयोः मेलन-भेदः ।" (II, पृ० ११५)

श्रीराग में त्रिश्रुतिक गान्धार–निषाद, नट्ट–देवक्री में पञ्च–श्रुतिक ऋषभ–धैवत एवं रामक्रिया में षट्–श्रुतिक मध्यम (तीव्र) के प्रयोग का उल्लेख **कल्लिनाथ** द्वारा किया गया है (II, पृ० ११५), इससे भी सिद्ध होता है कि उसके समय में ठाठ–पद्धति प्रचलित थी ।

सारांश यह है कि ठाठ पद्धति मुसलमानों द्वारा **ईराणी संगीत** से लेकर भारतीय संगीत में बलात् प्रविष्ट की गयी, ऐसा मानना भ्रामक होगा । जातियों द्वारा ठाठ सिद्ध होते हैं, परन्तु उनसे भैरव, तोडी, मारवा आदि कुछ ठाठों की प्राप्ति सरलता से नहीं होती, अतः कतिपय विद्वान् मानते हैं कि भैरवादि ठाठ **ईरान** से हिं० संगीत में प्रविष्ट हुए । परन्तु विशेषतः **भैरव** तथा **तोडी** ठाठों के गीत लोक–संगीत में पूर्व–परम्परा से गाये जाते हैं, अतः ऐसे राग लोक–संगीत से शास्त्रीय संगीत में लिये गये होंगे, इस संभावना को नकारा नहीं जा सकता । किन्तु यदि कुछ वाद्य एवं धुनें (melodies) शक, हूण, इरानी आदि जातियों से ले ली गयी होंगी, तो वह भी असंभवित अथवा आश्चर्यकारक नहीं है ।

१२. संस्थान–जन्य स्वरों का शुद्धीकरण

संस्थान के अर्थात् modal process से बने हुए ठाठों के कतिपय स्वर अपने वास्तविक स्थान से किञ्चित् कम–अधिक होते हैं । ऐसे स्वरों को स्थायी के अर्थात् नये षड्ज के संवाद–सम्बन्ध से वीणा–वादक यथा-स्थान कर ही लेते होंगे । परन्तु इस क्रिया के विषय में प्राचीन ग्रन्थों में कोई विधान उपलब्ध नहीं है ।

वैणिक लोग स्वयं के 'अवधान' से अर्थात् स्वर–ज्ञान से वीणा पर स्वर–स्थापना करते हैं, श्रुतियों की गणना करके नहीं; ऐसा **सिंहभूपाल** ने दक्षप्रजापति के **अवधान** शब्द का स्पष्टीकरण करते हुए कहा है :–

"अवधानं नाम मनोबुद्धि–स्मृतीन्द्रियाणाम् ऐकाग्र्यम् । षड्जो यत्र स्थापितः तदपेक्षया एव अन्येषां स्वराणाम् उच्चारणम् इति यावत् । यदि स्वराः स्वेच्छया न अवस्थाप्यन्ते तदा अवधानं न उपयुज्यते ।...लोके च वैणिकाः स्वेच्छया स्वरान् अवस्थापयन्तः दृश्यन्ते ।" (I, पृ० ११०)

इसी से मान सकते हैं कि modes के स्थान–भ्रष्ट स्वरों को वीणावादक यथा–स्थान कर लेते थे । कण्ठ–गायन में भी अवधान की उतनी ही आवश्यकता है। अवधान का उल्लेख **दत्तिल** ने भी किया है :–

"प्रसिद्धमवधानं तु सम्यग्बुद्ध्यादि-योजनम्" ॥ ४ ॥

[Modes से जो स्थान–भ्रष्ट स्वर प्राप्त होते हैं, उन्हींको ही कुछ आधुनिक विद्वान् 'श्रुति' नाम से स्वीकार करते हैं ।]

पं० **सोमनाथ** का कथन भी इसी प्रकार है।

"वैणिक लोग तार अथवा सारी के ऊपर स्वर की स्थापना उसकी अन्तिम श्रुति के ऊपर स्वयं के अनुमान से करते हैं तथा सुनाते हैं। स्वर के प्रकाशन के लिए उसके पूर्व श्रुतियों का कोई भी उपयोग नहीं है। कण्ठ गायन में भी ऐसा ही होता है," इस प्रकार सोमनाथ ने आगे स्पष्ट किया है :–

"वैणिका हि अनुमानेन तन्त्रीषु सारीषु वा अन्त्य–श्रुतौ एव स्वरं स्थापयन्ति तथा इव श्रावयन्ति च। गायन–कण्ठेऽपि तत्संवाद एव इति भावः।" (पृ० २३)

वीणा के ऊपर षड्ज, पञ्चम तथा मध्यम के विभिन्न तारों से एक ही पर्दे पर एक श्रुति कम–अधिक–वाला वही स्वर निकलता है। उपरान्त गायन–वादन में विभिन्न स्वरों का संवाद होता रहता है, जिससे एक ही राग में एक ही स्वर विभिन्न श्रुति–मूल्यों का उत्पन्न होता रहता है।

स्वरों में एक श्रुति कम–अधिक क्षम्य

मन्द्र–तार–स्थानीय कोई भी स्वर एक श्रुति कम–अधिक हो गया तो उसमें दोष नहीं मानना चाहिए, ऐसा मत **पुण्डरीकविट्ठल** ने प्रदर्शित किया है :–

"हीनाधिकैकैक–श्रुति–स्वरा ये मन्द्रानुमन्द्राश्रित-तार–संस्थाः।

न दोषवन्तस्त्वतिदुर्ग्रहं तद् असंप्रदायाश्रित–पण्डितानाम्" ॥२।२७॥ **स० चं०**

उसी प्रकार त्रिश्रुति तथा चतुःश्रुति ऋषभ तथा धैवत एवं त्रिश्रुति तथा चतुःश्रुति पञ्चम स्वर भिन्न–ध्वनि नहीं है, ऐसा पं० **सोमनाथ** का कथन है :–

"शुद्ध–रि–धाभ्यां विकृतस्त्रिश्रुति–पादपि चतुःश्रुति-पः।"

"...तल्लक्षणतो भेदोऽप्यमीषु पञ्चसु न लक्ष्ये भित्" ॥१।२६–२७॥

टी० :–"लक्ष्ये लोक–प्रयोज्ये गाने भिद् भेदो न। यद्यपि शास्त्रे भेदः प्रतीयते, तथापि प्रयोगे न इति अर्थः।" (पृ० २३)

१३. शुद्ध जातियाँ

शुद्ध सात जातियों का स्वरूप निश्चित करना सुकर है। जातियों के मुख्य स्वर अंश तथा न्यास आदि शुद्ध जातियों में एक ही था, जिसके नाम के ऊपर से प्रत्येक शुद्ध जाति का नाम रखा गया था। इस स्वर को नामस्वर इसी अर्थ में कहा गया है। अतः नामस्वर ही प्रत्येक शुद्ध जाति का स्थायी स्वर अर्थात् tonic था, जिससे उस प्रत्येक जाति का ठाठ बन पाता था। फलतः ये ठाठ modes के रूप के थे।

दो ग्रामों के स्वर–सप्तकों का निर्णय हम पूर्व में देख चुके हैं। प्रचार के अनुसार षड्जग्रामिक सप्तक को 'उतरी काफी' या **काफी** का ठाठ मान लें, तो शुद्ध सात जातियों के ठाठ निम्नानुसार सिद्ध होंगे :–

ग्राम	जाति	आधार-स्वर (अंश, न्यास इ०)	आधुनिक रूप
ष० ग्राम	१ षाड्जी	सा	**काफी** (उतरी ?)
,,	२ आर्षभी	रि	**भैरवी**
,,	३ धैवती	ध	कोमल निषादयुक्त **गुर्जरी**
,,	४ नैषादी	नि	**बिलावल** (हिं० शुद्ध ठाठ)
मध्यम ग्राम	५ गान्धारी	ग	**यमन**
,,	६ मध्यमा	म	**खमाज**
,,	७ पञ्चमी	प	**जौनपुरी**

[(१) कुछ आधुनिक विद्वानों ने **पञ्चमी जाति** को षड्जग्राम की जाति मानने की भूल की है, जिसके कारण उत्पन्न **जौनपुरी** ठाठ में च्युत–पञ्चम स्वर पैदा हो गया है। यह उतरा पञ्चम प्रचलित **दरबारी** राग में प्रयुक्त होता है और होना ही चाहिए, ऐसा उन्होंने निष्कर्ष निकाला है और इसके लिए उन्होंने **भरत** का आधार माना है।

(२) श्रुत्यन्तर–संख्या को देखने से नैषादी जाति का स्वर–सप्तक **बिलावल** ठाठ–जैसा प्रतीत होता है। इस समानता से भ्रमित होकर कई आधुनिक विद्वानों ने– (१) "प्राचीन निषाद का (बीच के किसी समय में) प्रचलित षड्ज हो गया" तथा (२) "प्रचलित **हिं० संगीत** में तत्तत् स्वरों की श्रुतियाँ तत्तत् स्वरों के आगे मानी जाती हैं" (**भातखण्डे क्र० पु० मालिका** भा० ४, हिन्दी १९७० की आवृत्ति, विषय–प्रवेश, पृ० १८), इस प्रकार के निष्कर्ष निकाले हैं। उपरोक्त मतों में से (१) यह स्व० पं० **आचरेकर** का मत है तथा (२) की कल्पना मूलतः श्री **कृष्णधन बानर्जी** द्वारा निकाली गयी है।]

१४. सङ्कीर्ण जातियाँ

सङ्कीर्ण ग्यारह जातियों की जो घटक जातियाँ हैं, उनके ठाठों को जोड़ने से अथवा उनका मिश्रण करने से सङ्कीर्ण जातियों के ठाठ उत्पन्न होते थे, ऐसा मानकर सङ्कीर्ण जातियों के ठाठों की कल्पना नीचे के अनुसार कर सकते हैं :–

(१) **षड्जकैशिकी** :–(घटक जातियाँ स + ग) = काफी + यमन

(२) **षड्जमध्यमा** :– (स + म) = काफी + खमाज

(३) **गान्धारपञ्चमी** :– (ग + प) = जौनपुरी + यमन

(४) **आन्ध्री** :–(ग + रि) = यमन + भैरवी

[उपरोक्त तालिका में स्वराक्षर दिये गये हैं, वे जातियों के नामों के संकेताक्षर हैं। गान्धारोदीच्यवा, मध्यमोदीच्यवा, कैशिकी आदि कुछ सङ्कीर्ण जातियों की घटक जातियाँ ३ से ५ तक कही गयी हैं। इतनी अधिक जातियों के मिश्रण की प्रक्रिया समझना दुष्कर है।]

जाति–रूप ठाठों के मिश्रण करने के अनेक विधी हो सकते हैं :–

(a) एक जाति का पूर्वार्ध तथा दूसरी जाति का उत्तरार्ध।

प्रचलित रागों के उदाहरण :– अहीरभैरव (= भैरव + काफी), मियाँमल्हार (= दरबारी + बहार) इ०।

(b) दो अथवा तीन जातियों का समानान्तर मिश्रण। उदाहरणार्थ–प्रचलित जैजैवन्ती, गौड़सारंग इ०।

एक राग में अन्य राग के अङ्ग (टुकड़ा) का मिश्रण करने को **शाङ्गर्देव** ने राग–काकु कहा है तथा ऐसे मिश्र रागों के कुछ उदाहरण भी प्रस्तुत किये हैं (**सं० र०** II, १२२–१४०)। कुछ आधुनिक विद्वानों ने मिश्रित अङ्गों को परि-लक्षित करके प्रचलित हिं० रागों के 'रागाङ्ग' वर्ग भी बना दिये हैं। मध्ययुगीन ग्रंथकार पं० **लोचन** तथा **भावभट्ट** के ग्रंथों में रागों के अनेक सङ्कर वर्णित हैं।

जातियों के पुनरुद्भूत सङ्कर का उल्लेख **दत्तिल** ने जाति–प्रकरण के अन्त में इस प्रकार किया है :–

"सङ्करे रूप–बाहुल्यं जाति–निर्देश इष्यते" ॥ ९६ ॥

इस श्लोक में आये हुए 'सङ्कर' शब्द से **दत्तिल** ने ग्रामरागों को सूचित किया है, ऐसा **अभिनवगुप्त** का कथन है (**ना० शा०** IV, पृ० ६४)।

कैशिक नामधारी जाति–रागों के स्वर–सप्तकों की कल्पना **अभिनवगुप्त** ने अलग रूप से दी है। उसके मतानुसार कैशिक नामक जाति–ग्रामरागों में द्वै–ग्रामिक कैशिक स्वरों का संयुक्त प्रयोग होता है (IV, पृ० ३४, ३५)।

जातियाँ एवं जातिगान साम–गान से उद्भूत हुए हैं, ऐसा भरतादि ग्रंथकारों का कथन है, जो संगीत के इतिहास की दृष्टि से महत्त्व का है :–

(१) "अस्य योनिर्भवेद् गानम्०" इ० (२८।१०)।

(२) "...साम–समुद्भूता जातयो वेद–संमिताः" ॥ **सं० र०** १।७।११५॥

[ग्राम-सप्तक में दोनों गान्धारों अथवा दोनों निषादों को सम्मिलित करके तथा उनके ऊपर से मूर्छना प्रारम्भ करने से प्रचलित भैरव, पूर्वी, मारवा तथा तोडी ठाठों को उत्पन्न किया जा सकता है। यह कल्पना मूल में श्री **कृष्णधन बानर्जी** के ग्रंथानुसार पं० **भातखण्डे** ने निम्नानुसार दी है :–

" हमारे सङ्गीत में कुछ थाट ऐसे हैं, जो केवल शुद्ध मूर्छना के बदलने से प्राप्त नहीं होते, ऐसे स्थानों पर विकृत स्वरों से मूर्छना आरम्भ करनी पड़ेगी।" (**भातखण्डेशास्त्र** भाग १, पृ० १४८) इस युक्ती का अवलम्बन करके प्रथमतः पं० **आचरेकर** ने तथा तत्पश्चात् पं० **बृहस्पति** ने इस प्रकार की अनेकानेक मूर्छनाओं द्वारा ऐसे ठाठ बना कर बताये हैं।]

१५. जाति-गीतों के स्वरों का आधुनिकी-करण

शाङ्र्गदेव तथा **नान्यदेव** के द्वारा दिए गये जाति के स्थायी के आधार पर बने हुए ठाठों का स्वरीकरण निम्नानुसार होगा :–

षाड्जी–	सा	सा	सा	सा	पा	निध	पा	धनि
	तं	ऽ	भ	व	ल	लाऽ	ऽ	टऽ
	री	गम	गा	गा	सा	रिग	धस	धा
	न	यऽ	नां	ऽ	बु	जाऽ	ऽऽ	धि। इ० (= **काफी**)

आर्षभी–	सा	री	नी	सरि	गा	सग	रि	सस
	गु	ण	लो	ऽऽ	च	नाऽ	ऽ	धिऽ
	सा	सा	धप	धप	री	सग	ग	मध
	क	म	नंऽ	ऽऽ	त	मऽ	म	रऽ। इ० (= **भैरवी**)

गान्धारी–	सा	सा	धा	पा	धा	सा	सा	सा
	ए	ऽ	ऽ	ऽ	तं	ऽ	ऽ	ऽ
	सा	सरि	गा	गा	मग	री	पम	पध
	र	जऽ	नि	व	धूऽ	ऽ	मुऽ	खऽ। इ० (= **यमन**)

मध्यमा–	सा	सा	सा	सा	री	गम	मा	गरि
	पा	ऽ	ऽ	तु	भ	वऽ	मू	ऽऽ
	सा	रिस	सा	पा	सा	नि	ध	ध
	र्धं	जाऽ	ऽ	ऽ	न	न	ऽ	ऽ। इ० (= **खमाज**)
पञ्चमी–	सा	रीग	गा	गा	नी	गा	नी	सा
	ह	रऽ	मू	ऽ	र्धं	जा	ऽ	न। इ० (= **जौनपुरी**)
धैवती–	सा	सा	रिस	निस	धा	धा	धा	धा
	त	रु	णाऽ	ऽऽ	म	लें	ऽ	दु
	सा	सा	रिस	रिग	गा	गा	गा	गा
	म	णि	भूऽ	ऽऽ	षि	ता	ऽ	म इ० (= नि को० **गुर्जरी**)
नैषादी–	सा	सा	सा	सा	रि	नि	सा	सा
	तं	ऽ	सु	र	वं	ऽ	दि	त
	ध	प	रि	नि	सा	सा	सा	सा
	म	हि	ष	म	हा	ऽ	सु	र। इ० (= **बिलावल**)

(a) शुद्ध जातियों के गीतों की स्वर–लिपि के उपरोक्त उदाहरण प्रचलित भातखण्डे–स्वरलिपि में दिये गये हैं। एकमात्रिक स्वर–नाम–संकेत दीर्घ तथा अर्धमात्रिक ह्रस्व लिखे गये हैं।

(b) इसी प्रकार सङ्कीर्ण जातियों के गीतों के भी प्रचलित–स्वरलिपि–बद्ध उदाहरण एक–दो विद्वानों ने दिये हैं, परन्तु केवल प्राचीन स्वरों को प्रचलित स्वरों में रूपान्तरित करने से सङ्कीर्ण जातियों के जो रूप प्राप्त होंगे, वे प्रामाणिक नहीं होंगे।

१६. श्रुति

१ : कर्ण–गम्य सूक्ष्म स्वरान्तर :–

प्राचीन ग्रंथकारों ने ग्रामरूप स्वर–सप्तक की परिधि में श्रुति नामक श्रवण–गम्य २२ सूक्ष्म स्वरान्तर माने हैं। श्रुतियाँ कण्ठ में उत्तरोत्तर तीव्रतर तथा वीणा में अधराधर उच्चोच्चतर रही हैं; षड्ज स्वर ४ श्रुतियों का है, ऋषभ ३ श्रुतियों का है (**ना० शा०** २८।२४–२७; **द०** श्लो० ९–१४; **सं र०** १।३।९; १।३।१३,)

इत्यादि श्रुति–सम्बन्धी प्राथमिक बातें सर्व–विदित हैं। अतः श्रुतिविषयक विशेष बातें हम नीचे दे रहे हैं।

[प्राचीन **ग्रीक, पर्शिअन** तथा उसके पश्चात् के **अरेबियन** संगीत में क्रमशः २८, २४ तथा १७ श्रुतियों का अस्तित्व माना जाता था।]

२ : श्रुति स्वतन्त्र नहीं है

"श्रुतियाँ उच्च-नीच होते हुए भी स्वराश्रित हैं। इसी कारण से "ऋषभ तीन श्रुति है" ऐसा कहते हैं, न कि तृतीय श्रुति या श्रुति पर ऋषभ है। श्रुतिरूप अवयवों से स्वर उत्पन्न नहीं होता, न वह श्रुतियों का संचय (= ढेर) है" :–

(a) "श्रुतयः उच्चनीचतया अपि स्वराश्रयाः एव प्रतीयन्ते।" (IV, पृ० १२, **अभि०**)

(b) "तत एव तिस्रः श्रुतयः ऋषभ, इत्यादि वक्ष्यते, न तृतीया श्रुतिः इति।... न च अवयवैः स्वरः, न अपि संचयः, यौगपद्याभावात्।" (पृ० १७, **अभि०**)

३ : श्रुति की एक और व्याख्या

अभिनवगुप्त तथा **शार्ङ्गदेव** आदि ने श्रुति की एक और व्याख्या बताई है। "तन्त्री पर आघात करने से प्रथम क्षण में सुनाई देती ध्वनि श्रुति है तथा उसके पश्चात् सुनाई देती अनुरणनात्मक मधुर ध्वनि (Continued vibrations) स्वर है" :–

(a) "अभिघातजात् शब्दात् अनन्तरं यः अनुरणन–लक्षणः शब्दः उपजायते, स तावन् निसर्ग–स्निग्ध–मधुराकारः।" (**ना० शा०** IV, पृ० १२, **अभि०**)

(b) "श्रुत्यनन्तर–भावी यः स्निग्धोऽनुरणनात्मकः ॥ १।३।२४ ॥
स्वतो रञ्जयति श्रोतृ–चित्तं स स्वर उच्यते ॥" (**सं० र०**)

यह व्याख्या आधुनिक श्रुति–वाद के लिए घातक सिद्ध हो सकती है।

४ : वीणा के लिए ही श्रुतियाँ हैं

भरत ने कण्ठ में तथा वीणा पर उत्पन्न की जानेवाली वस्तु तथा क्रियाएँ बतलायी हैं, उनमें वीणागत वस्तुओं में ही श्रुति की गणना की है (**ना० शा०** २८।१४–१५)। इस विषय को स्पष्ट करते हुए **अभिनवगुप्त** ने कहा है कि–" स्वर–सारणा में तन्त्रियों को चढ़ाने–उतारने की क्रिया श्रुतियों के आधार से की जाती है, अतः श्रुतियों का उपयोग वीणा में ही है" :–

"श्रुतयश्च वीणायाम् एव उपयोगिन्यः, सारणायाः तन्त्र्युत्कर्षणापकर्षणस्य तन्मूलत्वात् च।" (पृ० ९, **अभि०**)

५ : वीणा पर श्रुतियों का प्रत्यक्षीकरण

सरोद, सारंगी अथवा पर्दावली वीणा के दो स्वर–स्थानों के बीच के अन्तर को श्रुति–संख्यानुसार विभाजित तथा अङ्कित करने से श्रुतियों का प्रत्यक्षीकरण किया जा सकता है :–

(a) "श्रुति–निदर्शनं तु वीणायां स्फुटम् ।" (पृ० १३, **अभि०**)

(b) "अङ्केत च श्रुति–स्थानान्यमूनि सुख–बुद्धये ।
यथास्वं स्वर-भेदानां विभागात् श्रुति-देश-धीः" ॥(**सं० र०** ।६।१०८)

[वीणा पर श्रुत्यङ्कन की पद्धति **अरेबियन** शास्त्रकारों ने भी अपनायी है ।]

६ : भरतोक्त श्रुति–निदर्शन

चल–वीणा पर म० ग्रामिक पञ्चम के आधार से स्वरों के एक–एक बार एक–एक श्रुति उतार कर तथा ध्रुव–वीणा के स्वरों के साथ उन उतारे हुए स्वरों की तुलना करके श्रुति के नाप तथा २२ संख्या को सिद्ध करने का प्रयोग **भरत** द्वारा वर्णित है (२८–२७, पृ० २०) । इस विषय में **भरत** ने "पुनरपि तद्वद् एव अपकर्षेत्" शब्दों द्वारा प्रत्येक सारणा को निर्दिष्ट किया है, अतः २२ श्रुतियाँ एक ही नाप की थीं, ऐसा निष्कर्ष निकलता है । परन्तु **भरत** के इसी श्रुति–निदर्शन–प्रयोग के आधार से कुछ विद्वान् श्रुति के तीन नाप निकालते हैं । इस कार्य के लिए वे आधुनिक ध्वनि–विज्ञान का सहारा लेते हैं ।

श्रुति के नाप की सूचना **भरत** के निम्नोक्त वचन में प्राप्त होती है :–

"एवं पञ्चमस्य श्रुत्युत्कर्षापकर्षाभ्यां यद् अन्तरं मार्दवाद् आयतत्वाद् वा, तत् प्रमाणं श्रुतिः ।" (२८–२७)

भरत–वचनों का भाष्य करते हुए **अभिनवगुप्त** ने "सभी श्रुतियाँ एक ही प्रमाण की हैं", यह अर्थ बार–बार बताया है :–

(a) "एवं तीव्रत्व-मन्दत्व–हेतुभ्यां मार्दवायतत्वाभ्यां यद् अन्तरं, यो विशेषावबोधः, प्रमाणं निश्चायकं यस्याः सा श्रुतिः ।" (IV, पृ० २१)

(b) "अतः एव यत्र उत्कर्षापकर्षौ कौचिद् ध्वनीनां ग्राह्येते, तत्र एका श्रुतिः इति" । (पृ० २२)

(c) "वक्ष्यमाणोच्च–नीच–विभागो ध्वनिः एका श्रुतिः, इति तात्पर्यम् ।" (पृ० २२)

(d) "एवम् एकस्याः श्रुतेः स्वरूपम् अभिधाय श्रुति–सङ्ख्या–स्वरूपं यथा–लक्षणीयं यथा भवति तथा दर्शयितुम् उपक्रमते–'**निदर्शनम् तु आसाम्**' इति ।" (पृ० २२)

(e) "द्वितीया (सारणा) श्रुतेः इयत्ताम् (साधयति)।" (पृ० २२)

[प्रथम सारणा को **अभिनव** ने द्वितीय सारणा नाम दिया है, क्योंकि दोनों वीणाओं को षड्जग्राम में प्रथमतः मिलाने की क्रिया को उसने प्रथम सारणा कहा है।]

(f) "एवं श्रुतेः स्वरूपम् उपलब्धम्।" (पृ० २३, अभि०)

(g) "एवं ध्रुव-वीणायां श्रुतेः इयत्ता अत्र (स्फुटीकृता) भवति।" (पृ० २३, अभि०)

७ : मतङ्गोक्त श्रुति का मान

मतङ्ग ने **भरत** के कथन का ही अनुसरण किया है, परन्तु **भरत** के वक्तव्य के कुछ शब्दों को अधिक स्पष्ट किया है। उदाहरणार्थ :-

"ननु श्रुतेः किं मानम्? उच्यते........यदन्तरं तत्-प्रमाणं श्रुतिः।" इ० (बृ० दे०, पृ० ५१६)

मतङ्ग के उपरोक्त कथन में प्रथम वाक्य में 'मानम्' शब्द से स्पष्ट होता है कि इस चतुःसारणा द्वारा निर्दिष्ट २२ श्रुतियों में प्राचीन शास्त्रकारों को श्रुति का एक ही नाप अभिप्रेत था।

शार्ङ्गदेव ने द्वि-प्रकार पञ्चम पर आधारित **भरत** की चतुःसारणा की रीति का त्याग कर दो वीणाओं पर एक सप्तक की परिधि में 'मनागुच्च-ध्वनि' वाली २२-२२ तारों को लगाने की योजना बताई है (१-१०-२२)। **शार्ङ्गदेव** की यह चतुःसारणा प्रक्रिया **दत्तिलोक्त** २२ ध्वनिरूप श्रुतियों की कल्पना के ऊपर आधारित है, यह स्पष्ट है। यह प्रक्रिया भी श्रुति की प्रचलित कल्पना का विरोध करती है।

८ : पं० अहोबल की पञ्चम-भावी श्रुतियाँ

पं० **अहोबल** ने स्वरों को पञ्चम-भावी बताया है, उसी प्रकार २२ श्रुतियाँ भी पञ्चम-भावी हैं, ऐसा प्रतिपादन किया है :-

"षड्ज-पञ्चम-भावेन श्रुतीर्द्वाविंशतिं जगुः" ॥४१॥

पञ्चम-भावी चक्रिक-स्वर २२ से अथवा ५२ तक या अधिक उत्पन्न किये जा सकते हैं। यह **पायथेगोरियन्** प्रक्रिया है।

१७. मूर्छना

१ : मूर्छना की व्याख्याएँ

(a) क्रम-युक्त सात स्वरों की मालिका को **भरत** ने मूर्छना संज्ञा की है :-

"क्रमयुक्ताः स्वराः सप्त" इ० (२८।३२) तथा मन्द्रादि तीन स्थानों की प्राप्ति कराना मूर्छनाओं एवं तानों का प्रयोजन निर्दिष्ट किया है (IV, पृ० २७)।

(b) **भरत** के कथन को **मतङ्ग** ने अधिक स्पष्ट किया है :-

"मूर्छते व्याप्यते।" (पृ० २२); "...तार-मन्द्र-सिद्ध्यर्थम्।" (पृ० २९)

जाति-रागों के स्वर-चलन के लिए मध्य-सप्तक के स्वरों के उपरान्त कुछ मन्द्र तथा तार के स्वरों की आवश्यकता पूरी करने के लिए वास्तव में १२ स्वरों की मूर्छना होनी चाहिए, ऐसा आगे **मतङ्ग** ने सूचित किया है तथा उसके लिए **कोहल** तथा **नन्दिकेश्वर** का आधार प्रस्तुत किया है (पृ० ३२)।

२ : जातियों की मूर्छनाएँ

भरत ने किसी भी जाति के लिए मूर्छना नहीं कही है, परन्तु **मतङ्ग** तथा **शाङ्र्गदेव** ने कही है।

३ : अपूर्ण वीणा के लिए मूर्छनाएँ

प्राचीन संगीत में एक सप्तक वाली छोटी वीणाएँ ऊपर ध़ से ध, नि़ से नि आदि गीतों के लिए आवश्यक स्वर-क्षेत्र वीणा पर लाने की प्रक्रिया को मूर्छना नाम दिया जाता होगा, जैसा-"अपूर्ण-स्वरायां वीणायाम् अवश्यंभावी मध्य-सप्तकः।" इ० **अभिनवगुप्त** ने स्पष्ट किया है (पृ० २८)।

४ : संगीत में मूर्छनाएँ अनुपयुक्त

संगीत के प्रयोग में मूर्छना-तानों का उपयोग नहीं है, ऐसा **अभिनव** ने स्पष्ट किया है :-

"मूर्छनाः तावद् जाति-राग-भाषावन् न प्रयोगोपयोगिन्यः।" इ० (पृ० २९)

५ : साम-गान में उपयोग

मूर्छनाओं का उपयोग साम-गान में होता था, ऐसा **अभिनव** द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है :-

"मूर्छनानां यद्यपि इह आगमे नास्ति उपयोगः, तथापि साम-क्रियायां वा स्फुटः एव उपयोगः। तथा हि दर्शितम्-उत्तरमन्द्रया तिस्रो गाथाः।" इ० (पृ० ३०)

६ : मूर्छना द्वारा राग-ज्ञान

तथापि राग का संपूर्णत्व-अपूर्णत्व मूर्छनाओं के द्वारा ज्ञात हो सकता है, ऐसी एक दलील **अभिनवगुप्त** ने मूर्छना के पक्ष में प्रस्तुत की है (पृ० ३१)।

७ : आलाप-तानों में उपयोग

भरत के वचन–"प्रयोक्तृ-श्रोतृ-सुखार्थं च मूर्छना-नानात्वम्" के भाष्य में **अभिनवगुप्त** ने स्पष्ट किया है :–

i. "मूर्छना-तानानाम् ऋग्गाथा–सामभ्य: आनीय यदि प्रकर्षेण योजनं स्थानानां विशेष–रक्ति–दायिनां प्राप्त्यर्थम् ।" इ० (पृ० ३१)

ii. "प्रत्येकं ग्रामरागादौ सर्वेषां मूर्छनादीनां बहुधा प्रयोग:, इति मूर्छना–नानात्वं युक्तम् । न हि इयत्ता काचिद् इति स्थितम् ।" (पृ० ३१)

भावार्थ यह कि "रागो में विविध मूर्छनाओं का प्रयोग करने से (राग के) विशेष रक्तिदायक अनेक **स्थानों** की उपलब्धि होती है" इ० । प्रचलित राग–गायन में भी कभी इस, कभी उस प्रमुख स्वर पर आलाप अथवा तानों के समुदाय लाकर रखने की क्रिया की जाती है, जिससे राग का आविर्भाव अथवा तिरोभाव होकर रञ्जकता बढ़ती है । उपरोक्त विधान इसी क्रिया को इङ्गित करता है । प्रचलित हिं. राग तोडी तथा मारवा में रि से ध अथवा ध तक अथवा रि से रि तक अथवा ध से ध तक लेते हैं; श्रीराग में रि से रि तक तान लेने से राग स्पष्ट होता है । ये राग–तानें 'मूर्छनायें' ही कहलायगी ।

८ : मूर्छना द्वारा स्थान-प्राप्ति

"**गान्धर्व संगीत** में मूर्छना–तानों को गाने से श्रेयस् की प्राप्ति होती है तथा गान में अर्थात् **देशी संगीत** में मूर्छना तथा कूट–तानों द्वारा राग के विभिन्न स्थानों की प्राप्ति होती है" यह **शार्ङ्गदेव** का कथन उपरोक्त अर्थ को ही स्पष्ट करता है:–

"गान्धर्वे मूर्छनास्ताना : श्रेयसे श्रुति–चोदिता: ।
गाने स्थानस्य लाभेन ते कूटाश्चोपयोगिन:" ।। १।४।९१ ।।

इस श्लोक में आये हुए 'स्थान' शब्द का स्पष्टीकरण **कल्लिनाथ** ने "तत्तन्मूर्छनावश सारित स्वरों की आधार–श्रुति के ज्ञान से" ऐसा किया है (पृ० १४५), परन्तु **सिंहभूपाल** द्वारा किया गया स्पष्टीकरण–"रञ्जक स्थायों का लाभ होने से" अथवा "मन्द्रादि स्थानों की प्राप्ति हो जाने से" अन्वर्थक है (पृ० १४६–१४७) ।

९ : मूर्छना-प्रारम्भक स्वर से मेलोत्पत्ति ?

कतिपय विद्वानों ने अंश स्वर को मेलोत्पादक स्वर (=स्थायी) तथा मूर्छना–प्रारम्भक माना है, परन्तु शुद्ध सात जातियों में अंश स्वर मूर्छना–प्रारम्भक स्वर से भिन्न है, अत: अंश के आधार पर मूर्छना मेल है, यह निष्कर्ष निराधार एवं भ्रमपूर्ण है ।

१० : मध्ययुगीन ग्रंथकारों की मूर्छनाएँ

भरत, अभिनवगुप्त आदि प्राचीन ग्रंथकारों ने मूर्छना का एक अर्थ–" रागों में अनेक स्थाय उत्पन्न करनेवाली तानें " ऐसा बताया है, इसी अर्थ में ही मध्ययुगीन ग्रंथकारों ने मूर्छना शब्द का प्रयोग किया है :–

(a) पं० **शुभङ्कर** ने–" मूर्छना प्रस्तार: " ऐसी व्याख्या प्रस्तुत की है।

(b) पं० **अहोबल** ने राग के आलाप–तानों के प्रारम्भक स्वर से मूर्छना कही है तथा उसी को राग का स्वरोद्ग्राह, उद्ग्राह–तान आदि अन्य संज्ञाएँ की हैं। उदाहरणार्थ :–

सैन्धव :– " धैवतादिक–मूर्छना " ।। ३५७ ।।
प्रस्तार–' धसारिममपपधधा ' इ०

मालवश्री :– " मध्यमादि–स्वरोद्ग्राहा..." ।। ३६४ ।।
प्रस्तार–' मपधनिसगसनि ' इ०

देशाख्य :– " गान्धार–स्वर–मूर्छन: " ।। ३७१ ।।
प्रस्तार–' गपधससस ' इ०

(c) पं० **श्रीनिवास** ने भी मूर्छना को राग की उद्ग्राह–तान कही है।

११ : पं० दामोदर की मूर्छनाएँ

पं० **दामोदर** ने मेल–पद्धति का आश्रय न करते हुए रागों की केवल अंश–न्यासाधारित मूर्छनाएँ कही हैं। उसने हनुमन्मत के राग–रागिणी वर्गीकरण को स्वीकृत किया है, जो मुगल–कालीन व्यवस्था है। पं० **दामोदर** की मूर्छनाएँ ठाठ–स्वरूप हैं क्या, ऐसी शंका आती है; परन्तु उसके द्वारा वर्णित कई रागों के लक्षणों में विकृत स्वरों का निर्देश आया है :–

(a **भैरव** :–" विकृतो धैवतो यत्र..." ।। ४६ ।।

(b) **देशी** :–" ...विकृतर्षभा " ।। ६७ ।।

(c) **मेघ** :- " विकृतो धैवतो ज्ञेय: ..." ।। ७६ ।। इ०

अत: सिद्ध होता है कि उसके समय में मेल–पद्धति प्रचलित थी, जिसको उसने सोद्देश्य छिपाया है।

१२ : द्वितीय मूर्छना–पद्धति

i. **शाङ्‌र्गदेव** ने एक अन्य मतानुसार द्वितीय मूर्छना–पद्धति का निर्देश किया है। उसके अनुसार ष० ग्रामिक प्रत्येक मूर्छना षड्ज से तथा म० ग्रामिक प्रत्येक मूर्छना मध्यम के स्थान से ही प्रारम्भ की जाती थी तथा मूर्छना-प्रारम्भक स्वर को

षड्ज अथवा मध्यम के स्थान पर स्थापित करने के पश्चात् मूर्छना-प्रारम्भक स्वर के पश्चात् के स्वर उनकी मूल श्रुतिसंख्या के अनुसार उतार-चढा कर यथा-स्थान किये जाते थे :-

"षड्ज-स्थान-स्थितैर्न्याद्यै रजन्याद्याः परे विदुः ॥ १।४।१४ ॥

"...षड्जादीन् मध्यमादींश्च तदूर्ध्वं सारयेत् क्रमात्" ॥ १५ ॥

यह विधान अन्य ग्रन्थों में उपलब्ध नहीं है, परन्तु **भरत** ने एक ग्राम की मूर्छनाओं को अन्य ग्राम की मूर्छनाएँ करने के लिए 'द्विविधैव मूर्छना' की विधि बतलायी है, उसी का यह परिवर्धित संस्करण प्रतीत होता है। इस मूर्छना-प्रकार के पक्ष में **कल्लिनाथ** ने 'लक्ष्यानुरोधेन पक्षान्तरम् आह' इस प्रकार कहा है, परन्तु यह मूर्छना-प्रकार दोनों ग्रामों से सम्बन्धित होने से प्राचीन होना चाहिए, यद्यपि प्राचीन किसी भी ग्रन्थ में इसका उल्लेख उपलब्ध नहीं है। इस द्वितीय मूर्छना की प्रक्रिया द्वारा भी ठाठ उत्पन्न नहीं होते थे, क्योंकि इसमें मूर्छना-प्रारम्भक स्वर को drone देने का निर्देश नहीं है।

ii. शाङ्र्गदेवोक्त विधान के अनुसार 'सारयेत्' का अर्थ "वीणा के पर्दों को सरकाना" ऐसा कर नहीं सकते। क्योंकि प्राचीन सारिका-युक्त आलापिनी, किन्नरी आदि वीणाओं के पर्दे वीणा-दण्ड को मोम आदि के मिश्रण से चिपकाये हुए, अतएव अचल थे; अतः स्वरों की सारणा की क्रिया प्राचीन हार्प जैसी वीणाओं के तारों को उतार-चढा कर अभीष्ट स्वरों में लगाने के लिए ही कही है, ऐसा मानना पडेगा।

१३ : मूर्छना द्वारा ठाठ पैदा किये जाते थे अथवा मूर्छनाही ठाठ है यह भ्रामक मत **पं० भातखण्डेजी** के ग्रन्थों में बार-बार आया है :-

(a) "भिन्न-स्वरं समारभ्य सप्त-स्वर-व्यवस्थया।
भवेत् परिस्फुटा तत्र स्वरान्तर-विभिन्नता" ॥४९॥ (**ल० सं०**, पृ० ५३)

(b) "मूर्छना-शब्द-पर्यायो लक्ष्ये मेलः समादृतः। अभिनवरागमञ्जर्याम्।"
(**भा० शा०**, भाग-४, पृ० ७८)

(c) "मूर्छना से भिन्न-भिन्न राग उत्पन्न होते हैं, ऐसा ग्रन्थकार मानते हैं। ......हमारे संगीत में जिन्हें थाट कहते हैं" (**भा० शा०** भाग-१. पृ० १४८)।

१४ : राग की 'बढत' करते समय प्रत्येक स्वर पर अनेक छोटी-बड़ी मूर्छनाएँ (आलाप-तानें) लेने की प्रथा दाक्षिणात्य संगीत में विशेष रूप से रूढ है। उपरान्त दाक्षिणात्य एक गमक का नाम भी 'मूर्छना' है।

१८. भाषादि राग

i. भाषादि-रागों का वर्णन सर्व-प्रथम याष्टिक-काश्यप-संवाद के रूप से **बृ० दे०** में उपलब्ध है। मतङ्गोक्त भाषादि रागो की कुल संख्या ७३ है (**बृ० दे०**, पृ०

१०५) i. **मतङ्ग** ने शार्दूलादिकों के मतभेद से जो भाषाएँ कही हैं, उनको भी सम्मिलित करके पश्चात् के ग्रन्थकारों ने उनकी संख्या बढ़ा दी। उदाहरणार्थ, हिन्दोल की भाषाएँ **मतङ्ग** ने ५, **शाङ्गर्देव** ने ९ तथा **कुम्भ** ने १३ कही हैं। भिन्नषड्ज की मतङ्गोक्त भाषा विभाषाएँ शाङ्गर्देवोक्त १२ तथा कुम्भोक्त २७ हैं। वास्तव में भाषादि–राग **मतङ्ग** के समय के पूर्व में ही अप्रचलित हो गये थे। अतः तत्पश्चात् के इन ग्रन्थकारों का भाषाओं की संख्या बढ़ाने का प्रयत्न व्यर्थ ही था।

ii. ग्राम, स्वर-संवाद, वीणाएँ तथा भाषादि रागों के विषय में **कुम्भ** ने स्वयं की कुछ कल्पनाएँ जोड़ी हैं, इसलिए प्राचीन संगीत के विषय में उसका विवेचन विश्वसनीय नहीं है। दो ग्राम, द्वै–ग्रामिक वीणाएँ, स्वर–संवाद आदि के विषयों में **कुम्भ** का विवेचन भ्रामक है।

संगीतराज की मुद्रित प्रति के भाषा प्रकरण में श्लोक १०० में पञ्चमषाडव की भाषा 'पोता' कही गई है तथा उसके पश्चात्–

'विभाषा पल्लवीत्येका तिस्रश्चान्तरभाषिका:'।

यह पङ्क्ति श्लोक १०१ में दी गयी है। तदनन्तर श्लोक १०३ की प्रथम पङ्क्ति :–

"प्रोचुर्भाषांशकामेके तद्विदो रेवगुप्तके।"

मुद्रित है। वास्तव में इन पङ्क्तियों को एकत्र करके श्लोक बनाना चाहिए था, जिससे रेवगुप्त की भाषा शका तथा विभाषा पल्लवी है, ऐसा सही अर्थ निकल सके। उक्त श्लोक इस प्रकार होगा :–

"प्रोचुर्भाषां शकामेके तद्विदो रेवगुप्तके।
विभाषा पल्लवीत्येका तिस्रश्चान्तरभाषिका:।"

इस श्लोक में **कुम्भ** ने 'एके तद्विद:' कह कर **शाङ्गर्देव** के ऊपर कटाक्ष किया है!

iii. गान्धर्व संगीत तथा भाषा–रागों के संगीत की भिन्नता **मतंग** के निम्नोक्त स्पष्टीकरण से ज्ञात होती है। भाषादि–रागों के गायन का लक्ष्य केवल रंजकता उत्पन्न करना था, जैसा कि **मतङ्ग** ने स्पष्ट किया है :–

"प्रकाशं न च लक्ष्यन्ते यत्न–हीनैस्तु गायकै:।
प्रगीतास्तु प्रसिद्ध्यन्ति सुस्वराणां विशेषत:।। (पृ० १०५)

अर्थात् सुस्वर तथा प्रयत्नशील गायक ही भाषादि–रागों का गायन कर सकते हैं।

iv. जाति–ग्रामरागों का गान गान्धर्व था, उससे लोकरञ्जन अपेक्षित नहीं था। इस बात को **अभिनवगुप्त** ने इस प्रकार स्पष्ट किया है :–

"देवानाम् इष्टं गान्धर्वम् ।...गानं हि केवलं प्रीतिकार्ये वर्तते ।" (IV, पृ० ६)

गान्धर्व-संगीत वास्तव में ग्रामरागों तक ही सीमित था :-

"गान्धर्व-शास्त्रम् ईषद् असमाप्ते गान्धर्वे ग्रामरागरूपे इति वा...।" (पृ०४३)

गान्धर्व संगीत में शब्दों तथा ताल का महत्त्व था, उसमें स्वरों का महत्त्व **कम** था । स्वरों के रूप भी ठीक नहीं थे ।

V. भाषादि रागों में पन्द्रह स्वर

राग-भाषादि में १५ स्वरों का प्रयोग वैचित्र्य के कारण किया जाता है, ऐसा अभिनवगुप्त ने कहा है तथा इस कथन को **वृद्धकाश्यप** के वचन का आधार प्रस्तुत किया है :-

"वैचित्र्यन्तरं तु राग-भाषादौ लक्ष्ये दृश्यते एव । तथा च वृद्धकाश्यपः", इत्यादि । इन १५ स्वरों का प्रयोग जातियों में करना चाहिए, ऐसा वृद्धकाश्यप का कथन है, वह समीचीन नहीं है :-

"जातिष्वेते प्रयोक्तव्याः स्वराः पञ्चदशैव तु ।।" (IV, पृ० ३४)

इन श्लोकों की भाषा बहुत ही अशुद्ध तथा कथन अस्पष्ट है ।

१९. देशी राग

रागाङ्गादि चार वर्ग में विभाजित रागों की देशी-राग संज्ञा थी (**सं० र०** २-२-२) । ये राग **मतंग** के समय में ही प्रचलित हो गये होंगे तथा भाषादि राग उसी समय लुप्त हो गये होंगे । देशी रागों के विषय में **मतङ्ग** का वचन निम्न प्रकार से है :-

"अतः परं प्रवक्ष्यामि देशी-राग-कदम्बकम् ।" इ०

इसके आगे कच्छेली, माङ्गाली आदि रागों के वर्णन के ७ श्लोक **बृ० दे०** में उपलब्ध हैं तथा आगे के श्लोक मुद्रित प्रति में लुप्त हैं (पृ० १४१) । **मतङ्ग** के रागाङ्ग-प्रकरण के कुछ श्लोक **कल्लिनाथ** तथा **सिंहभूपाल** ने उद्धृत किये हैं (II, पृ० १५, १८) ।

शाङ्गर्देव ने देशी रागों के दो भेद बताये हैं, प्राक्प्रसिद्ध तथा अधुनाप्रसिद्ध । इनमें कुछ प्राचीन ग्रामराग तथा भाषादि भी अन्तर्भूत होते थे क्योंकि उस समय वे प्रचलित थे (**सं० र०** २-२-३) । **शाङ्गर्देव** के कथनानुसार **प्राक्प्रसिद्ध** रागाङ्गादि-राग ३४ तथा **अधुना-प्रसिद्ध** ५२ थे ।

मतङ्ग के समय में अथवा तत्पूर्व ही भाषा-विभाषादि रागों के स्वरूप के विशेष सुव्यवस्थित हो जाने से उन्हींका रूपान्तर रागाङ्गादि रागों में हो गया।

उदाहरणार्थ, अधिकांश रागाङ्गादि रागों के ग्रह, अंश तथा न्यास अथवा ग्रह एवं न्यास एक ही स्वर होता था।

देशी रागों के स्वरूप में इस प्रकार ग्रामरागों एवं भाषारागों की अपेक्षा अधिक एकरूपता आयी थी, परिणामतः आगे चल कर मध्ययुग में उनसे संपूर्ण एकरूपता वाली प्रचलित राग-पद्धति एवं ठाठ-पद्धति विकसित हो सकी।

२०. प्राचीन तथा प्रचलित राग

शाङ्र्गदेव के समय में जो रागाङ्गादि राग प्रचलित थे, उनमें कई ग्रामराग तथा भाषाराग भी अन्तर्भूत थे। **शाङ्र्गदेव** ने वीणा एवं वंश के ऊपर बजाने के लिए अपने समय के प्रसिद्ध राग दिये हैं, उनमें भैरव, वराटी, गुर्जरी, वसन्त, धन्नासी, देशी, भैरवी, छायानट्टा, मल्हार, कामोदा, ललिता, वेलावली, रामकृति आदि का निर्देश है। ये ही राग आज भी विशेष रूप से प्रचलित हैं, परन्तु इन प्राचीन तथा प्रचलित रागों के रूप में समानता है अथवा नहीं, यह विषय अभी तक संशोधनीय है।

प्राचीन राग-नामों के कुछ रूपान्तर वर्तमान में प्रचलित है। उदाहरणार्थ :-

मालवकैशिक = मालकौंस; कैशिक = कौंसी; श्री = बागेश्री; प्रथम-मंजरी = पटमंजरी; वेलावली = बिलावल इत्यादि।

२१. ग्रामरागों के पाँच वर्ग-'गीति'

प्राचीन शास्त्रकारों ने ग्रामरागों की विभिन्न प्रकृति के अनुसार गायन-शैली पाँच प्रकार की मान कर इन शैलिओं को **गीति** संज्ञा दी है तथा गीतियों के आधार पर ग्रामरागों को पाँच वर्गों में विभाजित किया है :-

"पञ्चधा ग्रामरागाः स्युः पञ्च-गीति-समाश्रयात्" ।।२।२।।

रागों की प्रकृति तथा गायन-शैली के अनुसार प्रचलित रागों के इसी तरह कई प्रकार आज भी माने जाते हैं :-

१ : गम्भीर अर्थात् आलापयोग्य; २ : वेगयुक्त अर्थात् तानबाजी के योग्य तथा ३ : चञ्चल-प्रकृति के यानी अर्धशास्त्रीय संगीत के लिए योग्य, इत्यादि।

कुछ आधुनिक विद्वान् प्राचीन, शुद्धा, भिन्ना, गौडी आदि गीतियों का सम्बन्ध ध्रुपद-ख्यालादि प्रबन्धों की विशिष्ट गायन-शैलियों के साथ जोडते हैं, जो निराधार तथा भ्रामक है।

२२. भरत के समय में राग

भरत ने नाटक के विभिन्न सन्धिओं में विभिन्न ग्रामरागों का प्रयोग करने के लिए कहा है :–

" मुखे तु मध्यमग्रामः, षड्जः प्रतिमुखे भवेत् ॥ " इत्यादि

(३२/ ४२६–४२९)

भाषारागों का प्रचलन भी भरत के समय में था, ऐसा **भरत** के निम्ननिर्दिष्ट वचन से प्रतीत होता है :–

" सैन्धवीमाश्रितं भाषां ज्ञेयं सैन्धवकं बुधैः " ॥३१।३५८॥ भरत के इस श्लोक में सैंधवक गीत सैन्धवी भाषाराग में गाया जाता था, ऐसी सूचना मिलती है ।

२३. ग्रीक, ईरानी–अरबी तथा चाइनीज संगीत

प्राचीन भारतीय संगीत तथा प्राचीन **ग्रीक** संगीत दोनों में बहुत ही समानता है, जिसका कुछ कारण तो होगा ही । ग्रीक संगीत में विभिन्न श्रुत्यन्तरों के स्वरों पर आधारित तीन ग्राम (Genera) माने जाते थे । पश्चात् के समय में एक ही ग्राम प्रचार में रहा । सात ठाठों की (अर्थात् जातियों की) संज्ञा Species थी । ग्रीक संगीत में प्रयुक्त संज्ञा Harmonia का अर्थ A musical idiom होता था, जो **मूर्छना** के समान है । ई० पूर्व ४०० के समय में ग्रीक संगीत में हमारे सामगान में प्रयुक्त **तान** जैसे स्वर–समुदाय की संज्ञा Tonoi थी । मूलत: Continuous double octave scales को Tonoi कहते थे । तत्पश्चात् चौथी शती में Tonoi को भरत की सात शुद्ध जातियों के समान **सात ठाठ** के रूप में मानने लगे ।

(द्रष्टव्य–The New Oxford History of Music I, pp. 347–358)

पुरानी **अरबी-ईरानी** संगीत प्रणाली मेसोपोटेमियन्, ग्रीक तथा प्राचीन भारतीय संगीत पर आधारित थी । उस संगीत में विभिन्न स्वरों को आधार–स्वर (tonic) बना कर modes उत्पन्न किये जाते थे । तेरहवीं शती के अन्त में एक स्वर–सप्तक में १२ स्वर निश्चित करके उनसे ठाठ बनाने की पद्धति अरबी–ईरानी संगीत में प्रस्थापित हुई ।

(द्रष्टव्य :–Uiniversal History of Music, p. 95)

चाइनीज संगीत में ई० पू० चौथी–पाँचवी शती में शुद्ध ठाठ ओडव था एवं उसका स्वरूप भूपाली राग के समान था । इसके प्रत्येक स्वर को आधार–स्वर बनाकर कुल पाँच ठाठ उत्पन्न किये जाते थे । ई० पू० २ से १ शती में सात स्वरों का प्रयोग होने लगा तथा उनके द्वारा सात ठाठ उत्पन्न किये जाने लगे । मध्यम

को स्वर–सप्तक का प्रमुख स्वर मानते थे। प्रत्येक mode को उसके अन्तिम अर्थात् न्यास स्वर का नाम देते थे, जिस प्रकार भरत की जातियों के नाम षाड्जी आर्षभी आदि अंश–न्यास स्वरों के नाम पर रखे गये थे। तत्पश्चात् के समय में मध्यम–भावी तथा पञ्चम–भावी कतिपय स्वरों को मिलाकर एक स्वर–सप्तक में १२ स्वरों का प्रयोग करने लगे।

चाइनीज संगीतशास्त्रकारों ने (ई० पू० ४०) एक स्वर–सप्तक में पञ्चम–भाव–जन्य ६० **श्रुतियों** को भी सिद्ध किया था।

राग–रूप (आलापादि–स्वर–विस्तार) अंशतः ईरानी, अरबी तथा चाइनीज संगीत में भी प्रचलित है, तथापि Natural scale के स्वर केवल भारतीय संगीत में ही प्रयुक्त होते हैं। ख्याल जैसी संपूर्ण विकसित राग–गायन–पद्धति तथा सारंगी, सितार, तबला जैसे उत्कृष्ट वाद्य अरबी–ईरानी संगीत में आज भी नहीं हैं।

A gist of theory of Ancient Indian Music

I have discussed the various main topics of ancient Indian music in detail in the adjacent Hindi article in this volume. The gist of the artiele is as follows :-

Sa-grāma Scale

i As ma (the Fourth) was the tonic of Sa-grāma, it was a plagal mode of Khamāja i. e. C. major with the seventh flat.

il Nearly all of our scholars accept Sa-grāma as ' low ' Kāfi ('utari Kāfi') i. e. D mode, which is wrong practically, as well as, scientifically.

iii In deśi rāga music, after Bharta's era, sa become tonic of Sa-grama. As a consequence the scale settled to the correct Kāfi This change must have been occurred before or in the times of Mataṅga, though he has not mentioned it.

iv. *Ag.* has mentioned this and the other changes.
(iv, p. 394) *K.* has shown the further changes. (II, p. 115)

v. *Ahobal,* the medieval author has given Kāfi Ścale as the initial Scale of Indian music, applying the ancient Śruti values to the intervals of Kāfi scale.

Tri-Śruti notes

Three-Śruti ri and dha were, according to *Ag.*, Kampita-Svarita notes of Vedie chant They were of ościllating nature. (IV, p. 14, 30/5)

Antara-Kākali

i. *Bharata* has placed the note antara between Śuddha (flat) ga and ma and Kākali between Śuddha (flat) ni and Sa. He has not shown the place of these intervals on the string nor by any other means. *Mataṅg. Ag.* and *Ś.* have copied Bharata.

ii. *Ahobala* has shown the place of the twelve intervals on the string. His ri is the major second and ga and ri are correct minor third and seventh; bnt his other notes are much high and nearly Pythagorean. He has explained that all the intervals and śrutis are produced by the *Cycle of the Fifth.*

Ma-grāma Scale

According to the over-lapping process, shown by *Bharata*, Ma-grāma, started from ma, which is placed on Sa of sa-grāma tallies with Sa-grāma, with the only difference that the Third note becomes a sharp Third. The note pa of the original Ma-grāma is not different from ri of Sa-grāma. In this way, the head-ache-giving problem of a low Fifth of Ma-grāma is also solved ! Bharata has discribed the over-lapping process, for changing one grāme into the other with ease. (*N. S.* IV, p 26)

Kaiśik intervals

Kaiśika process, if applied to each grāma scale, both the scales become out of tune. But by joininig the Kaiśika sections of both the grāmas, we obtain a useful scale. *Ag.* has given directions for joining both the grāmas and thus the scale formed is the Bilāval Scale :-

sa, 4 ri, | 3 ga, 2 ma, 4 pa, 4 dha, | 3 ni, 2 sa.

Ag. tells, further that the Kaiśika notes are to be used in the jātis, which have got weak ri and dha. He further says that the Kaiśik-scale is to be used for all the jātis and grāmarāgas, bearing the name Kaiśika (IV, p. 34, 35)

Anśa notes

Anśa is a general term applied to all the strong notes of a jāti-rāga (*S. R.* 1/7/32; I, p. 182, 183 *K.*)

Vādī note

Vādī is the main anśa of a rāga similar to the Vādī in H. rāgas. (I. p. 183, *K.*) The remaining anśa notes are called paryāyānśas. (*S. R.* I, p. 190, *K.*) *K.* explains that any anśa note of a jāti could be made vādī and graha alternately (I, p. 196) This arrangement we also find in H. rāgas.

Nyāsa note

i. It is the final note of a jātī. In seven main ('pure') gātis, anśa, graha (= the beginning note) and nyāsa are one and the same note (*S. R.* 1/7/2; I, p. 169)

ii. *Bharata* says that the nyāsa note and the antaramārga (joining some distant notes of a rāga) creat the personality of a jāti. (28/75). Nānyadeva has made this point more clear (*B. B.* II, p. 132)

iii. Anśa, graha e.t.c., except the nyāsa note of a jāti could be changed for forming its varieties. (*N. S.* 28/46, *S. R.* 1/7/3)

vi. Nyāsa note of a jāti was unchangeable. *K.* states that Nyāsa note of a jāti, if changed, the main factor of the jāti is lost and the jāti so formed could not be identified and differentiated from the other jātis (I. p. 170)

Upohana

Initial ālāpa, named upohana, was sung or played for fixing the sthāyī note, the tonic in Bharata's music, for forming a rāga (mode) (31/138; *S. R.* III, p. 131, *K.*)

Sthāyi

i. One of the anśas was made sthāyī on which to set up the rāga (*S. R.* 3/191; *S. R.* III, p. 31, *K.*)

ii. Every section of ālāpa was to end on sthāyī note. (*S. R.* 3/193 194)

Sthāna and sansthāna

i. Bharata has used word sthāna to denote the various octaves and also a mode.

ii. *Ag.* has made the idea more clear. He says that sthāna-svara is the sthāyī note i e. the tonic (*N. S.* IV p. 432)

iii. *Mataṅga* has used the term sansthāna to mean a mode and also the octaves.

iv. *Ag.* and *Ś.* have given directions for fixing graha or nyāsa note as sthāyī on veeṇā and flute for producing a mode, required for a rāga (IV, p. 142; *S. R.* III, p. 296–314; 362–386)

Method of making a sthāyī

K. says that the accessary (chanterelle) strings should be tuned to any anśa note for making it sthāyī (I, p. 203). Thus by giving the drone to a note, we can make it the tonic for producing a new mode.

But giving the drone to any of the anśas will result in chaos Therefore K.'s statement shall have to be modified and the drone shall have to be supplied to only one of the many anśas, which will bring forth the required mode.

Correcting the modal intervals

(a) Some of the intervals in a mode formed by the modal process are false, whice are not concordant to the tonic. We suppose that

the ancients were used to correct such intervals on the instruments to make them concordant to the tonic, though the ancient authors have not given directions for doing this.

(b) *Sinhabhupal* and *Somnath* tell us that the Veenā- players fix the intervals in tune with the prime by their 'attention' or 'guess'. (*S. R.* I, p. 110; *R. V.*, 23)

(c) Some modern writers accept such modal false notes as the 'śrutis' required by the rāgas to be produced out of the formed modes.

(d) Further, the medieval authors *Pundarika* and *Somanath* opine that a slight (one sruti) difference in an interval is negligible. (*S. C.* 2/27; *R. V.* 1/26, 27)

(e) The natural scale notes are used in Indian music, but not so, as a rule, in Arabian, Persian or Chinese music.

The musical compsition like khayāl and also the sophisticated and elegant musical instruments of Indian music, such as Sārangi, Sitār and Tablā are not found in the music of Arabia and Parsia.

Rāgas in Bharatās music

Bharata has mentioned the use of Grāmarāgas in various sandhis of drama :-

"मुखे तु मध्यमग्रामः, षड्जः प्रतिमुखे भवेत्" ॥ ३२ । ४२८ ॥

It seems that even Bhāśārāgas were current in Bharata's time :-

"सैन्धवीमाश्रितं भाषां ज्ञेयं सैन्धवकं बुधैः" ॥ ३१ । ३५८ ॥

सङ्केत–सूची

१ सामान्य सङ्केत

ह० लि०	हस्तलिखित (पाण्डुलिपि)
हिं०, H.	हिन्दुस्तानी (संगीत)
Pb.	पाठ–भेद
क्र०	क्रमाङ्क
क०	कण्डिका
प०, F.	पत्र, Folio
स्प०	स्पष्टीकरण

२ ग्रन्थ–नाम–सङ्केत

भ०	भरत (नाट्यशास्त्र, निर्णयसागर, १९४३)
ना० शा०, ब० प्रति	नाट्यशास्त्र (निर्णयसागर, १९४३)
N. S., ना० शा० I, II, III, IV	नाट्यशास्त्र, Vols I–IV (बरोडा)
द०	दत्तिलम् (त्रिवेन्द्रम्, १९३०)
म०	मतङ्ग
सं० र० S. R., S.	सङ्गीतरत्नाकर (अड्यार, Vols 1–4,)
ना० शि०	नारदीया शिक्षा (मैसूर, १९४९)
भ० भा०, B. B.	भरतभाष्य, खण्ड १–२ (खैरागढ़)
अभि०, Ag.	अभिनव–भारती, अभिनवगुप्त
क०, K.	कल्लिनाथ
सिं०, S.	सिंहभूपाल
सं० ना०	संगीतनारायण (ओडिशा, १९६६)
सं० रा०	संगीतराज (वाराणसी, १९६३)
बृ० दे०	बृहद्देशी (त्रिवेन्द्रम्, १९२८)

रा० वि० R. V. — रागविबोध (अड्यार संस्करण, १९४५)
स० चं० S. C. — सद्रागचन्द्रोदय (बम्बई संस्करण, १९१२)

३ कौंसों के अर्थ

(   ) पूरित शब्दों को इस प्रकार के अर्ध–गोल कौंस में डाला गया है।

[   ] असम्बन्धित तथा पुनरुक्त अंश इस प्रकार के कौंस में डाले गये हैं तथा वे मूल के अनुसार ही रखे गये हैं; संशोधित नहीं किये गये हैं।

४ स्वर–चिन्हों के अर्थ

i. ग्रन्थकारोक्त स्वर–प्रस्तार में मुख्यत: स्वराक्षर के ऊपर बिंदु तथा एक या अनेक स्वराक्षरों के नीचे रेखा अङ्कित है। शीर्षस्थ बिंदु से मन्द्र–स्थानीय स्वर अनुलक्षित होता है। निम्नस्थ रेखा का अर्थ समझ में नहीं आता।

ii. हमने दिये हुए स्वर–लेखों में प्रयुक्त चिन्ह भातखण्डे–नोटेशन के अनुसार हैं।

१ : प्रास्ताविक–विषय–सूची

२ : ग्रन्थ–विषय–सूची

नान्यभूपाल-प्रणीतम्

भरतभाष्यम्

द्वितीयः खण्डः

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

श्रीनान्यभूपाल–प्रणीतम्

भरतभाष्यम्

(द्वितीयः खण्डः)

श्रीचैतन्य – देसाई – विरचितया संजीवन्याख्य – टीकया समेतम्

षष्ठो जात्यध्यायः

१. तत्रादिमं जाति–प्रशंसाख्यं प्रकरणम्

॥ श्रीगुरुभ्यो नमः ॥

प्रत्यर्थि-क्षितिपाल-कोटि-मुकुट-[1]श्रेणीभिरभ्यर्थितं[2]-
श्चन्द्रः[3] पौरुषं[4]-वारिधेः स जयति क्ष्मापाल-नारायणः ।

॥ सञ्जीवनी टीका ॥

॥ शिवौ विजयेते ॥

स्फुरन्मन्द–ध्वान–प्रतिरणित–कैलास–निलयो
विरागासक्तोऽपि प्रमथित–महाराग–जलधिः ।
अजातिर्भूत्वाऽपि प्रकटित–बृहज्जाति–निचयश्
शिवं ढक्कानादैः कलयतु च नादात्मक–शिवः ॥१॥

ह० लि० का पाठ—1 –श्रोणी 2 –तो 3 –श्चेत 4 –षः

[1]राज्ञोऽन्यानभिभूय विग्रह-विधावाधार्यं[2] संन्यासिनो
ऽपेन्यस्ता[3] इति जातिमार-पदवीमारोपिताः[4] क्षत्रियाः ॥१॥

उच्चैः संश्रय-सद्ग्रहेण सुकृतां त्राणाय नारायण–
स्यांशेनावँनि[5]-संगिना रसवताऽपन्यस्त-विद्वेषिणा ।

तेनोल्लासित-भारतेन वशिनां[6] नान्येन भूमीभुजा
जातीनां विशद-क्रमोऽयमधुनां[7]ऽध्यायः समारभ्यते ॥२॥

पूर्वं स्वर-ग्राम-तान-मूर्च्छना-श्रुति[8]-वृत्तयः ।
प्रोक्ताः प्रपञ्चतः सम्यक् कथ्यन्ते जातयोऽधुना ॥३॥

जातिमौक्तिक-मालेव स्वर-सूत्रेण गुम्फिता ।
शोभां कस्य नं[9] कण्ठस्थां[10] दधाति महतीं (खलु) ॥४॥

भरतमुनि–निरुक्तं यद्धि गान्धर्व–शास्त्रं
मनुज–दनुज–देव–स्वान्त–सम्मोद पात्रम् ।
कलित इह वितानो **नान्यदेवेन** तस्य
प्रथित–विविध–शास्त्राम्भोधि–रत्नेन नूनम् ॥२॥

खण्डितां वीक्ष्य तां 'भाष्य'–नाम्नीं कृतिं
विज्ञ–वर्गोऽभ्यगाच्चिन्तितां पद्धतिम् ।
शारदा–शारदाम्भोज–पद्मालिना
शोधिता साऽद्य **चैतन्य–देसाइना** ॥३॥

भरतेन मतङ्गेन दत्तिलाभिनवादिकैः ।
दीपिता दीपयेत् सैषा टीका 'सञ्जीवनी' बुधान् ॥४॥

टी०—श्लोक (२) 'भूमिः' तथा 'भूमी' (स्त्री०) दोनों ठीक हैं, जैसे 'नन्दी' (नन्दिन्) एवं 'नन्दिः' (पु०)। 'भुज्' लगने पर 'भूमी-भुज्' ही रूप होता है। संस्कृत में ऐसे उदाहरण बहुत हैं।

---

1 ये राज्ञानभिभूय　2 नाधाय　3 पेन्यस्ता　4 स्तारोपिताः
5 वति संगितेन सवता　6 गीतवशमा　7 नधुना　8 त　9 नि　10 नानाति

वर्णालङ्कार-धारिण्यस्तरुण्य इव जातयः ।
